UPHIN/2011/39718

पृष्ठ-8 मूल्य-02 रूपये

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

दैनिक **यंग भारत**

निष्पक्ष नज़र निर्भीक ख़बर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण

दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ

प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-128 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) सोमवार 20 अप्रैल 2026 | youngbharatE-paper.com




# भरी सभा में द्रोपदी के चीरहरण जैसा था संसद का दृश्य', महिला आरक्षण बिल ना पास होने पर सीएम योगी का तीखा हमला




( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में रविवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सीएम योगी ने कहा कि जब पीएम मोदी ने वर्ष 2014 में देश की सत्ता अपने हाथों में ली थी, तब उन्होंने एक बात स्पष्ट की थी। उन्होंने कहा था कि देश में चार ही जातियां हैं: नारी, गरीब, युवा और किसान। उन्होंने कहा कि भारत को कमजोर करने की नीयत से जातिवाद के नाम पर खुद के परिवार का भरण-पोषण करके उन्होंने देश को लूटा है। उनके लिए यह (नारी शक्ति वंदन अधिनियम



संशोधन विधेयक) चुनौती थी।

अखिलेश यादव ने साफ तौर पर कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। उन्हें सरकार में बने रहने का कोई हक नहीं है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आज बहुत ही शुभ दिन है। हम लखनऊ वाले हैं। इसीलिए कहा कि पहले आप। इसके जरिए पीएम नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को उन्होंने निशाने पर लिया। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आपने एक लंबी प्रेस कांफ्रेंस सुनी। टीवी पर भी इसका लाइव प्रसारण सुना। आज हम एतिहासिक जीत के मौके पर मिल रहे हैं, जब परिसीमन बिल पास नहीं हो पाया है। संसद में हार का मतलब होता है कि सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। अब उन्हें सरकार में बने रहने का कोई हक नहीं है। भाजपा के लोग डर दिखाते हैं। समाज में विभाजन करते हैं। अपना उल्लू सीधा करते हैं। भाजपाई सत्ता पाने और बचाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने स्मृति ईरानी के गोरखपुर से चुनाव लड़ने की चुनौती पर कहा कि मैं कन्नौज का नाम बदलकर गोरखपुर कर दूंगा।

### महिला पीएम का किया जिक्र

सपा अध्यक्ष ने कहा कि पता चला कि रात को बहुत बड़ा अनाउसमेंट होने जा रहा है। मुझे लगा कि पीएम पद के लिए किसी महिला का नाम सामने आ सकता है। उन्होंने भाजपा पर हमलावर रुख अपनाते हुए कहा कि उनकी कोशिश महिला आरक्षण नहीं, नारी को नारा बनाना था। उसके सहारे हमें आपको धोखा देना था। उन्होंने कहा कि रंग जो होता है वह किसी न किसी धर्म से जुड़ा होता है। लाल रंग क्रांति के साथ-साथ हमारी देवियों का भी रंग है, दुल्हन का भी रंग लाल होता है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि संसद का सत्र इसलिए बुलाया गया था कि टीएमसी, डीएमके, कांग्रेस के लोग अपने क्षेत्र में प्रचार न कर सकें। इससे उनकी जमानत न जब्त होने पाए। पूर्व सांसद स्मृति ईरानी के गोरखपुर से चुनाव लड़ने की चुनौती पर कहा कि मैं कन्नौज का नाम बदलकर गोरखपुर कर दूंगा। गोरखपुर का नाम गोरखधंधा कर दूंगा।

### सीएमएफ फॉर्मूले की बात

सपा अध्यक्ष ने भाजपा के सीएमएफ फॉर्मूला (क्रिएट, मिस्टिरियल और फीयर) का जिक्र करते हुए कहा कि अब यह पिट चुका है। इनकी चाल अब नहीं चलेगी। भाजपा की हार शुरू हो चुकी है। महिलाएं ही भाजपा को हराएंगी। आज के नए विचार वाली नारी हराएगी। उन्होंने दावा किया किया भाजपा के बहकावे में आज की नारी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि पुराने सोच की महिलाओं को अपनी ओर करने की कोशिश कर रही है, लेकिन आज की नारी इनके बहकावे में नहीं आएगी। अखिलेश ने दावा करते हुए कहा कि भाजपा की महिलाओं के बारे में सोच सामंती है। नारी को कमजोर रखो, इन्हें अधिकार न दो। उन्हें न सोच विचार का, न पहनावे का अधिकार दिए जाने का दावा अखिलेश ने किया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जनता के बढ़ते विरोध से ध्यान हटाने के लिए लाए गए बिल की हार भाजपा की हार है। ये लोगों को ठगना चाहती थी। इस जीत का प्रतिनिधित्व देश का विपक्ष कर रहा है।

### नारी के अधिकार छीनने वाला बिल

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हमलावर रुख अपनाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि परिसीमन के नाम पर ये रूप बदल कर यह बिल नारी के अधिकार का हरण करने के लिए आया था। ये महिलाओं को अधिकार देने की नहीं, बल्कि उनकी शक्ति को कम करने की योजना थी। ये बिल नहीं था, भाजपा की दरार वादी राजनीति का काला दस्तावेज था।

अखिलेश ने कहा कि पिछड़ों की आबादी 66 प्रतिशत भी मान ली जाए तो 33 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी होनी चाहिए थी। लेकिन, ये 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दे नहीं रहे थे, वह उनसे छीन रहे थे। दरअसल, महिला आरक्षण बिल का आधार ही निराधार था।

### महिलाओं के शोषण की चर्चा

अखिलेश यादव ने कहा कि आज हर तरफ महिलाओं के शोषण की खबरें आ रही हैं। इससे ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के बिल लाया जा रहा है। हमारी आपत्ति यही थी कि पहले जनगणना कराई जाए फिर आरक्षण दिया जाए। महिलाओं के साथ छलावा हम नहीं होने देंगे। उन्होंने भाजपा के प्रयास को महिला तुष्टीकरण का नाम दिया। उन्होंने दावा किया कि बिल के पास होने के बाद प्रधानपति की तरह सांसद पति की अवधारणा भी चल पड़ती। संसद में जो सरकार हार जाती है वह बाहर जाती है। जनता को विश्वास हो गया है कि बुरे दिन जाने वाले हैं।

## सुर्खियां.............

### भगवान परशु राम की शोभा यात्रा मे फरसा लेकर गर्व से चल रहे थे विधायक गौरी शंकर वर्मा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** चुनाव वर्ष जो जो ना कराए वह थोड़ा है। अभी 14 अप्रैल को भारत रत्न डा बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर की जन्म जयंती पर वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव सर पर होने पर। सभी राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों में बाबा साहब को लेकर के गजब का उत्साह देखने को मिला। इस पवित्र दिन बसपा सुप्रीमो मायावती ने जहां लखनऊ में विशाल रैली करके बाबा साहब को श्रद्धांजलि और 2017 के विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को अपनी ताकत का एहसास दिला कर उन्हें आगामी चुनाव के लिए कमर कस के तैयार होने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हमारा दलित बेस वोट यदि इस विधानसभा चुनाव में पूरा मिल गया और अन्य जातियों के प्रत्याशियों के वोट कि यदि बसपा को मिल गए तो फिर हम एक बार फिर से उत्तर प्रदेश में 2007 की तरह अपनी सरकार बनाएं गे। उधर बाबा साहब की जयंती मनाने के लिए समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस पार्टी, आप पार्टी ए आई एम अपना दल सहित सभी छोटी बड़ी राजनीतिक पार्टीयो ने धूम धाम जानवर का बुलाया सभी पार्टियों के लिए होड़ लगी रही।

### फिरोजाबाद के डीएम पर जमीन घोटाले का आरोप लगाने वालीं तहसीलदार राखी शर्मा पर एक्शन, लखनऊ हेडक्वार्टर अटैच

( यंग भारत न्यूज )



**फिरोजाबादः** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के डीएम रमेश रंजन पर भ्रष्टाचार और उत्पीड़न के आरोप लगाने वालीं महिला तहसीलदार राखी शर्मा को राजस्व परिषद लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। यूपी राजस्व परिषद ने अनुशासनहीनता और नियमों के उल्लंघन को लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई की है। दरअसल, शिकोहाबाद तबादला होने के बावजूद उन्होंने वहां चार्ज नहीं लिया, जबकि उनके स्थान पर टूंडला भेजे गए तहसीलदार ने चार्ज लेकर काम शुरू कर दिया।

# जनता का विश्वास खो चुकी है सरकार; लखनऊ में अखिलेश यादव का पीएम मोदी पर बड़ा हमला

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को निशाने पर लिया। लोकसभा में संविधान संशोधन के लिए लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के गिरने को सरकार की हार से जोड़कर पेश किया।



अखिलेश यादव ने साफ तौर पर कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। उन्हें सरकार में बने रहने का कोई हक नहीं है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आज बहुत ही शुभ दिन है। हम लखनऊ वाले हैं। इसीलिए कहा कि पहले आप। इसके जरिए पीएम नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को उन्होंने निशाने पर लिया। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आपने एक लंबी प्रेस कांफ्रेंस सुनी। टीवी पर भी इसका लाइव प्रसारण सुना। आज हम एतिहासिक जीत के मौके पर मिल रहे हैं, जब परिसीमन बिल पास नहीं हो पाया है। संसद में हार का मतलब होता है कि सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। अब उन्हें सरकार में बने रहने का कोई हक नहीं है। भाजपा के लोग डर दिखाते हैं। समाज में विभाजन करते हैं। अपना उल्लू सीधा करते हैं। भाजपाई सत्ता पाने और बचाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने स्मृति ईरानी के गोरखपुर से चुनाव लड़ने की चुनौती पर कहा कि मैं कन्नौज का नाम बदलकर गोरखपुर कर दूंगा।

### महिला पीएम का किया जिक्र

सपा अध्यक्ष ने कहा कि पता चला कि रात को बहुत बड़ा अनाउसमेंट होने जा रहा है। मुझे लगा कि पीएम पद के लिए किसी महिला का नाम सामने आ सकता है। उन्होंने भाजपा पर हमलावर रुख अपनाते हुए कहा कि उनकी कोशिश महिला आरक्षण नहीं, नारी को नारा बनाना था। उसके सहारे हमें आपको धोखा देना था। उन्होंने कहा कि रंग जो होता है वह किसी न किसी धर्म से जुड़ा होता है। लाल रंग क्रांति के साथ-साथ हमारी देवियों का भी रंग है, दुल्हन का भी रंग लाल होता है।

अखिलेश ने आरोप लगाया कि संसद का सत्र इसलिए बुलाया गया था कि टीएमसी, डीएमके, कांग्रेस के लोग अपने क्षेत्र में प्रचार न कर सकें। इससे उनकी जमानत न जब्त होने पाए। पूर्व सांसद स्मृति ईरानी के गोरखपुर से चुनाव लड़ने की चुनौती पर कहा कि मैं कन्नौज का नाम बदलकर गोरखपुर कर दूंगा। गोरखपुर का नाम गोरखधंधा कर दूंगा।

### सीएमएफ फॉर्मूले की बात

सपा अध्यक्ष ने भाजपा के सीएमएफ फॉर्मूला (क्रिएट, मिस्टिरियल और फीयर) का जिक्र करते हुए कहा कि अब यह पिट चुका है। इनकी चाल अब नहीं चलेगी। भाजपा की हार शुरू हो चुकी है। महिलाएं ही भाजपा को हराएंगी। आज के नए विचार वाली नारी हराएगी। उन्होंने दावा किया किया भाजपा के बहकावे में आज की नारी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि पुराने सोच की महिलाओं को अपनी ओर करने की कोशिश कर रही है, लेकिन आज की नारी इनके बहकावे में नहीं आएगी। अखिलेश ने दावा करते हुए कहा कि भाजपा की महिलाओं के बारे में सोच सामंती है। नारी को कमजोर रखो, इन्हें अधिकार न दो। उन्हें न सोच विचार का, न पहनावे का अधिकार दिए जाने का दावा अखिलेश ने किया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जनता के बढ़ते विरोध से ध्यान हटाने के लिए लाए गए बिल की हार भाजपा की हार है। ये लोगों को ठगना चाहती थी। इस जीत का प्रतिनिधित्व देश का विपक्ष कर रहा है।

### नारी के अधिकार छीनने वाला बिल

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हमलावर रुख अपनाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि परिसीमन के नाम पर ये रूप बदल कर यह बिल नारी के अधिकार का हरण करने के लिए आया था। ये महिलाओं को अधिकार देने की नहीं, बल्कि उनकी शक्ति को कम करने की योजना थी। ये बिल नहीं था, भाजपा की दरार वादी राजनीति का काला दस्तावेज था। अखिलेश ने कहा कि पिछड़ों की आबादी 66 प्रतिशत भी मान ली जाए तो 33 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी होनी चाहिए थी। लेकिन, ये 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दे नहीं रहे थे, वह उनसे छीन रहे थे। दरअसल, महिला आरक्षण बिल का आधार ही निराधार था।

### महिलाओं के शोषण की चर्चा

अखिलेश यादव ने कहा कि आज हर तरफ महिलाओं के शोषण की खबरें आ रही हैं। इससे ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के बिल लाया जा रहा है। हमारी आपत्ति यही थी कि पहले जनगणना कराई जाए फिर आरक्षण दिया जाए। महिलाओं के साथ छलावा हम नहीं होने देंगे। उन्होंने भाजपा के प्रयास को महिला तुष्टीकरण का नाम दिया। उन्होंने दावा किया कि बिल के पास होने के बाद प्रधानपति की तरह सांसद पति की अवधारणा भी चल पड़ती। संसद में जो सरकार हार जाती है वह बाहर जाती है। जनता को विश्वास हो गया है कि बुरे दिन जाने वाले हैं।

# धामोनी : फाइलों में दफन एक 'प्रशासनिक हत्या' की दास्ताँ

## घोस्ट टाउन घोषित कर नाकामी को छुपाते हुक्मरान

**लेखक - राजीव श्रीवास्तव**
**( वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक व कारपोरेट विश्लेषक )**

'शर्म आए उस तंत्र को, जो महलों को खंडहर और इतिहास को 'भूतिया' (Ghost Town) घोषित कर अपनी नाकामी छुपाता है!' बुंदेलखंड के अरण्यों में दम तोड़ती धामोनी (GPS: 24.1950° N, 78.6144° E), महज़ पत्थर और चूने का ढेर नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के हुक्मरानों की बौद्धिक कंगाली और प्रशासनिक कायरता का जीवित प्रमाण है। जिस नगर ने सम्राटों की तिजोरियां भरीं, जहाँ की 'माल गुजारी' (Revenue) से मुगलों और बुंदेलों के तख्त चलते थे, उसे आज 'सिस्टम' ने जरायम पेशा अपराधियों और नशेड़ियों की चरागाह बना दिया है।

यह केवल उपेक्षा नहीं, यह एक 'सांस्कृतिक कुकृत्य' है!

1818 में गोरी हुकूमत (अंग्रेजों) ने अपनी कुटिल चालों से धामोनी का गला घोंटा और इसके वैभव को सागर स्थानांतरित कर दिया, लेकिन दुखद यह है कि आज के 'आज़ाद' भारत के हुक्मरानों ने अंग्रेजों की उस 'काली विरासत' को सहर्ष अपना लिया। पुरातत्व विभाग की फाइलों में 'संरक्षित' होने का ठप्पा लगाकर, इस बेशकीमती धरोहर को दीमकों और झाड़-झंखाड़ के हवाले कर देना, क्या किसी अपराध से कम है

**साम्राज्य की आर्थिक धुरी: आईन-ए-अकबरी की गवाही**

इतिहास के पन्ने गवाह हैं कि धामोनी कभी मध्य भारत की आर्थिक राजधानी थी। मुगल सम्राट अकबर के नवरत्न अबुल फज़ल ने अपनी कालजयी कृति 'आईन-ए-अकबरी' में धामोनी का



उल्लेख एक महत्वपूर्ण 'सरकार' (प्रशासनिक इकाई) के रूप में किया है। राजस्व का स्रोत: यहाँ की 'माल गुजारी' दिल्ली दरबार के लिए गौरव का विषय थी। उपजाऊ भूमि और व्यापारिक मार्ग की सुगमता ने इसे मुगलों की सोने की चिड़िया बना दिया था। व्यापारिक महाशक्ति: धामोनी का बाज़ार रेशम, अनाज और उच्च कोटि के शस्त्रों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध था। यहाँ के सुनियोजित बाज़ार और व्यापारियों की सुरक्षा के प्रबंध आज के 'स्मार्ट सिटी' के दावों को मुँह चिढ़ाते हैं। यह भी कहा जाता है कि अबुल फजल का जन्म भी धामौनी में ही हुआ था और यहाँ जो दरगाह है वह उनके ही गुरु की है ।

**इंजीनियरिंग का चमत्कार:**

जहाँ पत्थर बोलते हैं

धामोनी के खंडहर चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे हैं कि हमारे पूर्वज विज्ञान में हमसे कहीं आगे थे:

हाथी द्वार और भव्यता: किले का 35 फीट ऊँचा मुख्य द्वार उस युग की विशालता का प्रतीक है जब हाथियों के लश्कर यहाँ की संपन्नता की रक्षा करते थे।

**थर्मल इंजीनियरिंग:**

6 फीट मोटी दीवारें और 'स्लिट विंडो' के माध्यम से बनाया गया क्रॉस-वेंटिलेशन आज भी चिलचिलाती गर्मी में महलों को शीतल रखता है। यह वास्तुकला नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के बीच का एक अद्भुत तालमेल था।

स्वतंत्रता की रणभेरी और 'जरायम' का अंधकार

**1857 का रणकौशल:**

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में धामोनी के दुर्गम जंगलों और पहाड़ियों ने क्रांतिकारियों को वह 'प्राकृतिक किला' प्रदान किया जिसे ब्रिटिश तोपें भी नहीं भेद सकीं। अंग्रेजों ने इसी हार का बदला लेने के लिए इसे उजाड़ने की साजिश रची।

दस्युओं की पनाहगाह: हुक्मरानों की उपेक्षा का परिणाम यह हुआ कि आजादी के बाद यह वैभवशाली स्थान 'बागी दस्यु सम्राटों' की शरणस्थली बन गया। आज यहाँ पुरातत्व विभाग का उचित संरक्षण नहीं, बल्कि अवैध शिकारियों और जरायम पेशा लोगों का कब्जा है।

हुक्मरानों की रूह को झकझोरता सवाल-

ऐ सत्ता के गलियारों में ऊंघने वाले हुक्मरानों!

तुम्हारी विकास की कागजी परिभाषाएं उन अभेद्य प्राचीरों के सामने बौनी हैं, जो आज भी तुम्हारी बेरुखी को सीना ताने चुनौती दे रहे हैं।

क्या आईन-ए-अकबरी का प्रमाण भी तुम्हारी आँखों की पट्टी खोलने के लिए काफी नहीं है

क्या तुम्हारा 'आधुनिक सिस्टम' उस 'वॉटर हार्वेस्टिंग' और 'वेंटिलेशन' के खंडहरों को सहेजने की औकात भी नहीं रखता

'मिलेगी गर्द में डूबी हुई निशानी भी,
कहाँ गई वो हुकूमत, वो राजधानी भी!
ये ईंटें चीखती हैं, कोई सुनने वाला हो,
इन्हीं के खून से लिखी थी एक कहानी भी।'

वैभव की वापसी या इतिहास का अंत

धामोनी को शापित मत कहो, यह तुम्हारी 'नपुंसक कार्यप्रणाली' का शिकार है। यह एक जीवित सभ्यता की प्रशासनिक हत्या है जिसे पहले अंग्रेजों ने अपनी स्वार्थ-सिद्धि के लिए मारा और अब हमारा सिस्टम इसे ज़मींदोज़ कर रहा है। यदि आज धामोनी के इन कंगूरों को उनका गौरव नहीं लौटाया गया, तो इतिहास तुम्हें कभी माफ नहीं करेगा। आने वाली नस्लें तुम्हें केवल भ्रष्ट नहीं, बल्कि 'विरासत का हत्यारा' कहेंगी। धामोनी को उसका हक लौटाना केवल पर्यटन का मुद्दा नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के आत्मसम्मान की बहाली है।

'उठो! कि धामोनी की ईंटें फिर से पुकार रही हैं,
अपने खोए हुए गौरव को पाने की राह निहार रही हैं।

# मेडिकल कॉलेज के यूरोलॉजिस्ट डॉ. सोमेश त्रिपाठी ने पत्रकार को दिया जीवनदान

## जटिल ऑपरेशन कर निकाला बढ़ा हुआ प्रोस्टेट



( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। मेडिकल कॉलेज के यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सोमेश त्रिपाठी ने बांदा के एक टीवी चैनल के पत्रकार नरेंद्र सिंह थापा का सफल ऑपरेशन कर उन्हें नई जिंदगी दी है। इंफेक्शन और प्रोस्टेट बढ़ने की गंभीर स्थिति से जूझ रहे पत्रकार अब पूरी तरह स्वस्थ हैं।

### इलाज के अभाव में बढ़ता गया संक्रमण

पत्रकार नरेंद्र सिंह थापा लंबे समय से प्रोस्टेट की समस्या से ग्रसित थे। स्थिति इतनी विकट हो गई थी कि उनका यूरिन पास होना पूरी तरह बंद हो गया था। कई डॉक्टरों से परामर्श और इलाज के बावजूद उन्हें राहत नहीं मिल रही थी। अंततः उन्होंने मेडिकल कॉलेज में यूरोलॉजिस्ट डॉ. सोमेश त्रिपाठी से संपर्क किया। जांच में सामने आया कि प्रोस्टेट काफी बढ़ चुका है और संक्रमण भी फैल रहा है।

### डॉक्टर ने दी नई जिंदगी, लाखों की हुई बचत

मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बड़े अस्पताल जाने की सलाह दी थी। जिसके बाद पीड़ित रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज पहुंचे और डॉक्टर सोमेश से मिले, पत्रकार ने बाहर जाने में असमर्थता जताते हुए डॉक्टर पर ही भरोसा जताया। डॉ. सोमेश त्रिपाठी ने चुनौती स्वीकार की और लगभग डेढ़ घंटे चले जटिल ऑपरेशन के बाद बढ़े हुए प्रोस्टेट को सफलतापूर्वक निकाल दिया। पत्रकार नरेंद्र सिंह थापा ने डॉक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. सोमेश के प्रयास से न केवल उनकी जान बची, बल्कि बाहर के बड़े अस्पतालों में होने वाला भारी-भरकम खर्च भी बच गया।

### समय पर इलाज न मिलने पर जानलेवा हो सकता है प्रोस्टेट

डॉ. सोमेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रोस्टेट की समस्या को हल्के में लेना घातक हो सकता है। यदि समय पर इसका इलाज या ऑपरेशन न कराया जाए तो यह निम्नलिखित गंभीर रूप ले सकता है:

किडनी फेलियर: यूरिन रुकने से दबाव किडनी पर पड़ता है, जिससे किडनी हमेशा के लिए खराब हो सकती है।

ब्लैडर स्टोन व डैमेज: संक्रमण बढ़ने से मूत्राशय में पथरी बन सकती है या उसकी दीवारें कमजोर हो सकती हैं।

कैंसर का खतरा: लंबे समय तक इलाज न मिलने पर यह प्रोस्टेट कैंसर का रूप भी ले सकता है।

सेप्सिस: जैसा कि इस मामले में हुआ, संक्रमण पूरे शरीर में फैल सकता है जो जानलेवा साबित होता है।

# परशुराम जयंती पर अक्षरा कुटी बिसंडा में भव्य आयोजन

( यंग भारत न्यूज )




- संस्क्रति राज्यमंत्री गिरीश चंद्र मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति
- धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता के संदेश के साथ सम्पन्न हुआ कार्यक्रम, सैकड़ों लोगों की रही सहभागिता

**बांदा।** भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर जनपद बांदा के समाजसेवी प्रेम पांडे के फॉर्म हाउस बिसंडा स्थित अक्षरा कुटी में एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में ललित कला अकादमी के राज्यमंत्री गिरीश चंद्र मिश्रा की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी प्रेम पांडेय द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। समारोह की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात वक्ताओं ने उनके जीवन, आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि न्याय, साहस और धर्म के प्रतीक हैं। उनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। उन्होंने समाज में समरसता और एकता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रेम नारायण पांडेय, शालिनी सिंह पटेल (प्रदेश उपाध्यक्ष, जेडीयू एवं बुंदेलखंड प्रभारी) तथा समाजसेवी रुद्र तिवारी ने भी अपने विचार रखे और भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने की अपील की। शालिनी पटेल के साथ जेडीयू की जिलाध्यक्ष पिंकी प्रजापति एवं ज्योति मौर्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बांदा प्रेस ट्रस्ट एवं अखण्ड भारत विप्र एकता मंच के संस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार अनिल तिवारी की उपस्थिति भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उनके साथ अविनाश दीक्षित, सुशील मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। उपस्थित गणमान्य जनों में ज्ञान चंद्र पांडेय, महेश अवस्थी, सोमदत्त पांडेय, प्रशांत गुप्ता (छोटू), रामचंद्र पांडेय एवं संतोष गुरौलिहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक प्रेम पांडेय ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया और समाज में ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता को मजबूती मिल सके। परशुराम जयंती का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और जागरूकता का भी एक सशक्त संदेश देकर संपन्न हुआ।

# गैस एजेंसियों की मनमानी, नए कनेक्शनों पर अघोषित रोक से जनता बेहाल

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन।** जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और सामान्य घरेलू एलपीजी गैस कनेक्शनों को लेकर गैस एजेंसियों की बड़ी लापरवाही और मनमानी सामने आ रही है। समाजसेवी मुहम्मद अशफ़ाक राईन ने जिलाधिकारी जालौन को शिकायती पत्र भेजकर तहसील क्षेत्र में नए गैस कनेक्शनों पर लगी अवैध रोक की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में समाजसेवी ने अवगत कराया कि तहसील जालौन क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियां पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नए कनेक्शन देने से साफ मना कर रही हैं, साथ ही सामान्य घरेलू गैस के नए कनेक्शन देने में भी टालमटोल की जा रही है।

आरोप है कि केंद्र या राज्य सरकार की ओर से कनेक्शन बंद करने का कोई भी आधिकारिक आदेश या अधिसूचना जारी नहीं की गई है, इसके बावजूद एजेंसियां मनमाने ढंग से जनता को उनके अधिकारों से वंचित कर रही हैं। इस अघोषित रोक के कारण क्षेत्र के गरीब, जरूरतमंद और नवविवाहित परिवारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे स्थानीय जनता में गहरा रोष व्याप्त है। समाजसेवी मुहम्मद अशफ़ाक राईन ने जिला प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और बिना किसी वैधानिक आधार के कनेक्शन रोकने वाली एजेंसियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करते हुए पात्र लाभार्थियों को तत्काल प्रभाव से गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं।

# डिप्टी सीएम से मिले भोजवाल समाज के अध्यक्ष पंचमढ़ी मंदिर से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा।** श्री कान्यकुब्ज भुर्जी वैश्य समिति के जिला अध्यक्ष डॉ. रामराज गुप्ता आनंद भोजवाल ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से शिष्टाचार भेंट की भेंट के दौरान पंचमढ़ी हनुमान मंदिर, बुद्धराम कुआं बांदा की भूमि से जुड़े प्रकरण को गंभीरता से बताया गया तथा उसकी पवित्रता, संरक्षण एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक एवं त्वरित कार्यवाही की मांग रखी गई। अध्यक्ष ने बताया कि पंचमढ़ी मंदिर और धर्मशाला की जमीन पर भू माफियों ने अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया है। जो भूमि बची है उसे पर भी प्लाटिंग की पूरी तैयारी की जा रही है जिस संबंध में डीएम बांदा को ज्ञापन भी सौंपा गया था लेकिन अभी तक भूमाफियाओं पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। अवैध कब्जे में स्थानीय लेखपाल का भी संरक्षण है क्योंकि उसी के संरक्षण से जमीनों पर कब्जे किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गंभीरतापूर्वक शिकायत को संज्ञान लेते हुए त्वरित एवं प्रभावी समाधान का सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया है।

# नाली के ऊपर किए आक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

( यंग भारत न्यूज )



**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली रोड सीएचसी गेट के सामने करीब 10 वर्षों से भोला पुत्र सिया शरण सड़क के किनारे नाली के ऊपर अतिक्रमण कर झोपड़ी बनाकर चाय और गुटके की दुकान करता था। नगर पंचायत के कर्मचारी व अधिकारियों के द्वारा कई बार झोपड़ी हटाने के लिए कहा था, लेकिन जो आक्रमण किया था, वह हटाने का नाम नहीं ले रहा था। तभी जिसमें नगर पंचायत के अधिकारी व राजस्व विभाग की टीम के द्वारा एक दिन पहले ही भोला को नोटिस दे दी गई थी, कि आज अतिक्रमण को हटवा ले अन्यथा की स्थिति में नगर पंचायत स्वयं अतिक्रमण हटाने को मजबूर होगा, जिसमें नोटिस मिलने के बाद भी आक्रमण किया भोला नहीं हटाया जिससे रविवार की दोपहर नगर पंचायत के लिपिक दिनेश सिंह ,लेखपाल राजेंद्र द्विवेदी, सफाई नायक छेदीलाल, हीरालाल, विद्युत विभाग से लाइनमैन श्यामलाल अमर सहित करीब एक दर्जन से अधिक नगर पंचायत की सफाई कर्मचारी जेसीबी मशीन सहित पहुंचे और अतिक्रमण किए हुए झोपड़ी के अंदर रखे सामान को हटाकर झोपड़ी को ऊपर जेसीबी चला कर अतिक्रमण को हटाया गया है।

# भगवान परशुराम मानवता के रक्षक व न्याय के प्रतीक

## हनुमान धारा मंदिर में गूँजा जय परशुराम, धूमधाम से मनी जयंती

**ललितपुर।** सर्व ब्राह्मण विकास परिषद के तत्वावधान में अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान श्रीपरशुराम जन्मोत्सव स्थानीय हनुमान धारा मंदिर परिसर में अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भगवान परशुराम के जयकारों से गुंजायमान रहा। समारोह का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। परिषद के पदाधिकारियों और उपस्थित विप्र बंधुओं ने मंत्रोच्चार के बीच भगवान का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्हें शास्त्र और शास्त्र का समन्वय बताया। सामाजिक एकता पर बल देते हुए वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम केवल ब्राह्मण समाज के ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के रक्षक और न्याय के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज में समरसता और शक्ति का संचार किया जा सकता है। कार्यक्रम के समापन पर भगवान परशुराम की भव्य आरती उतारी गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के पश्चात उपस्थित जनसमूह को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान परिषद के पदाधिकारी अजय तिवारी नीलू, अशोक रावत, सुबोध गोस्वामी, क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय रावत, कमलेश गोस्वामी, दीपेश तिवारी, सुनील नगायच, गिरजा शंकर दुबे, शिवशंकर दुबे, दिलीप तिवारी, सुधीर अवस्थी, अरविन्द लिटोरिया, संगीता गोस्वामी, नेहा तिवारी, ऋतु समाधिया, वंदना तिवारी, ममता तिवारी, राजकुमारी दुबे, आशा कौशिक, अर्चना रावत, मंजू तिवारी, नीलू बबेले सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उर्स के चंदे के हिसाब को लेकर मारपीट

## दो भाई घायल, एफआईआर की मांग

**ललितपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में उर्स चंदे के हिसाब को लेकर हुए विवाद में दबंगों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। कस्साब मंडी निवासी इदरीश कुरैशी ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 18 अप्रैल 2026 की रात करीब 9.30 बजे वह शहनाई गार्डन में एक शादी समारोह में शामिल था। इसी दौरान कुछ लोग वहां एक राय होकर पहुंचे और उसके भाई इसराईल से गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने इसराईल के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे छोटे भाई हीरा पर भी आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और वह खून से लथपथ हो गया। घटना के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि घटना के पीछे उर्स के चंदे के हिसाब को लेकर विवाद है। साथ ही आरोपियों को दबंग बताते हुए परिवार की सुरक्षा को खतरा बताया है। पीड़ित ने पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# बालाबेहट अतिशय क्षेत्र सूर्योदय में बनेगा अतिभव्य जिनालय

## तीर्थचक्रवर्ती मुनि सुधासागर महाराज ससंघ सानिध्य में हुआ नवीन जिनालय एवं सन्तशाला का शिलान्यास

**ललितपुर।** बुंदेलखंड के आंचल में सौर नदी के तट पर सामलिया पारसनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बालावेहट में तीर्थचक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के ससंघ सानिध्य में नवीन जैन मंदिर एवं सन्तशाला की आधारशिला रखी गई। नवीन मंदिर का शिलान्यास विधिपूर्वक पं0 गजेंद्र जी शास्त्री ने पुण्यार्जक समाज श्रेष्ठी सिंघई राजेंद्र कुमार अंकित राजकल्प थनवारा परिवार के द्वारा कराया।

प्राचीन मन्दिर में मुनि श्री सुधासागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्र का नाम श्री सामलिया पारसनाथ सूर्योदय अतिशय क्षेत्र बालाबेहट* घोषित किया ?र

क्षेत्र पर त्रिकाल चौबीसी मंदिर,मूलनायक मंदिर, संतशाला एवं धर्मशाला आदि के निर्माण की योजना समाज को दी। मूलनायक मंदिर निर्माण एवं बड़े बाबा की मूर्ति स्थापना के लिए सिंघई राजेंद्र कुमार थनवारा,त्रिकाल चौबीसी मंदिर लिए पुण्यार्जको ने घोषणा की एवं संत शाला के निर्माण के लिए कोषाध्यक्ष सुनील कुमार अखिलेश अनौरा परिवार ने संकल्प किया। धर्मशाला कमरे के लिए सुरेशचंद आकाश जी जैन गैस महामंत्री दिगंबर जैन समाज ललितपुर ,संदीप जैन अहमदाबाद ,शीलचंद राजकुमार गुगरवारा ने पुण्यार्जन किया। क्षेत्र के विकास के लिए संरक्षक सदस्य, परम संरक्षक, शिरोमणि संरक्षक एवं परम शिरोमणि संरक्षक आदि चयनित किए गए। क्षेत्र के महामहिम सिंघई कुंबन अंकित अंकुर समस्त राजकल्प थनवारा परिवार घोषित किए गए जबकि सायंकालीन आरती का श्रीजी अनौरा परिवार द्वारा की गई।कार्यक्रम में बीना खुरई मालथौन खिमलाशा बेसरा बसहारी भरछा भानगढ़ निवारी ललितपुर पाली सभी निकटवर्ती जैन समाज की सभी श्रेष्ठीजन उपस्थित थे। जिज्ञासा समाधान का सफल संचालन आलोक जैन शास्त्री ने किया। गौरतलब रहे प्रातः काल सूर्योदय की शुभ मेला में निर्यापक श्रमण चरण पड़े मुनि श्री की अगवानी ग्राम वासियों ने भव्यता के साथ की, मुनिश्री नवीन मंदिर स्थल पर पहुंचे जहाँ सभी को पूज्य श्री का आशीर्वाद मिला।



व्यवस्थाओं में क्षेत्र के पदाधिकारी मुकेश सराफ उपाध्यक्ष, महामंत्री जिनेंद्र गंगचारी, संजय जैन, नारायण दादा, प्रकाश चौधरी,दीपू चौधरी,पंकज मालगुजार, प्रंशात गुरहा,पंकज रानू ,स्वतंत्र जैन, महेंद्र जैन, योगेश कठरया, संजय वेशरा, सुबोध सतभैया,राजेंद्र जैन, मोनू भरछा, सुरेन्द्र प्रदीप सम्यक जसंजीव पुष्कर अनौरा,राजेश राजू कुम्हैड़ी, अंशुल नयाखेड़ा, राजकुमार राजू सम्यकअनौरा, आयुष जैन, संजीव जैन, कुलदीप जैन पप्पू जैन आदि सभी का सहयोग रहा कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री अभिषेक जैन अनौरा ने किया। जैन धर्मालुओं ने आज अक्षय तृतीया को दान का पर्व मनाते हुए जैन मंदिरों में प्रातःकाल अभिषेक पूजन के उपरान्त भगवान आदिनाथ की पूजन कर अर्घ समर्पित किए। श्रावकों ने निकटवर्ती स्थानों पर विराजमान मुनिराजों को आहारदान कर पुण्यार्जन किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार राजा ऋषभदेव ने मुनिदीक्षा धारण के उपरान्त छह माह का उपवास लेकर आहारचर्या के लिए निकले उस समय नवदाभक्ति पूर्वक आहार की विधि न मिलने के कारण पडगाहन नहीं हो पाया 7 माह 9 दिन के उपरान्त अक्षय तृतीया को हस्तिनापुर नगरी में मुनिराज का प्रथम आहार राजा श्रेयांस के यहां हुआ और आहार में मात्र इच्छुरस का आहार गृहण किया। तब से आज तक अक्षयतृतीया को जैन धर्मालु आखा तीज के रूप में मनाते हैं और दानतीर्थ के प्रवर्तक राजा श्रयांस कहलाए। नगर के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पाठशाला परिवार के बच्चों ने अक्षय तृतीया पर भारतीय भेषभूषा में पूजन सम्पन्न कराई और स्वल्पाहार में इच्छरस बच्चों को वितरित कर मंदिर प्रबंधक जिनेन्द्र जैन रजपुरा एवं मनीष जैन फोटो द्वारा पुरूष्कृत किया। कार्यक्रम की संयोजना प्रीति जैन, गुंजा जैन, दीपा जैन, श्यामली जैन, महक जैन, टीसा जैन द्वारा की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से मनोज जैन जडीबूटी, संतोष जैन, विमल जैन पारौल, अनिल जैन अलया, अनुराग जैन सिंघई, मनोज जैन कलपुर्जे, राजकुमार जैन, विकास खजुरिया, सुरेन्द्र जैन कुडावनी, विमल जैन डुगारसा, ऋषभ जैन रजपुरा सतीश जैन मौजूद रहे। अक्षय तृतीया पर अनेकों श्रावकों ने निकटवर्ती टीकमगढ़ जिले में विराजमान चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज, मप्र के भानगढ में विराजमान तीर्थचक्रवर्ती निर्यापक श्रमणमुनि सुधासागर महाराज एवं चंदेरी नगर में निर्यापक मुनि अभयसागर महाराज सहित साधुसंघों में पहुंचकर दर्शन लाभ लिया और आहारदान किया।

# अपना दल (एस) की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन, 28 अप्रैल को शक्ति प्रदर्शन की तैयारी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उरई शहर में स्थित अपना दल (एस) जिला कार्यालय पर रविवार को एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में झांसी मंडल के क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बाबूजी बोहरा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा मंच के प्रदेश महासचिव ओंकार सिंह ठाकुर एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित राठौर ने सहभागिता की।



बैठक में हाल ही में घोषित जिला कार्यकारिणी के बाद संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान समारोह को भव्य रूप देने की रूपरेखा तय की गई, जिससे संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सके।

28 अप्रैल को भव्य कार्यक्रम

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का जन्मदिवस 28 अप्रैल को बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। पार्टी नेताओं ने इसे संगठन की मजबूती और जनाधार बढ़ाने के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया।सदस्यता अभियान में तेजी बैठक के दौरान दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिससे संगठन का कुनबा और विस्तृत हुआ। नेताओं ने कहा कि पार्टी की नीतियों और नेतृत्व में जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।कार्यकर्ताओं को संदेश जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।बैठक में प्रमुख रूप से शैलेंद्र सिंह पटेल, शीलू बिरगुंवा (जिला उपाध्यक्ष), पवन गुप्ता (नगर अध्यक्ष उरई), श्रीमती सारिका कुशवाहा (जिलाध्यक्ष महिला मंच), लोकेंद्र सिंह कुशवाहा (अधिवक्ता, जिलाध्यक्ष विधि मंच), जितेंद्र कुमार कुशवाहा (जिलाध्यक्ष आईटी मंच), अंकित यादव (जिलाध्यक्ष युवा मंच), श्रीरामशंकर पाल (जिलाध्यक्ष पंचायत मंच), श्यामसुंदर कुशवाहा (जिला महासचिव), प्रांजल पटेल (जिलाध्यक्ष छात्र मंच), ब्रजेश सधारा (विधानसभा अध्यक्ष उरई), राजवीर सिंह ठाकुर (जिला मीडिया सचिव), प्रदीप कुशवाहा चमेड़ (जिला सचिव), सुगर सिंह पटेल (जिला कार्यकारिणी सदस्य), बीरपाल सिंह बुंदेला (सक्रिय सदस्य), रविकांत कुशवाहा (जिला उपाध्यक्ष), सहवाज खान (सक्रिय सदस्य), उस्मान अंसारी (जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच), रविंद्र कुशवाहा (सक्रिय सदस्य), विनोद कुमार कुशवाहा (सक्रिय सदस्य), रामबाबू कुशवाहा (सक्रिय सदस्य), रामेश्वर परिहार (सिवनी खुर्द), पुनीत चौधरी (सक्रिय सदस्य), मोनू हरदोई (सक्रिय सदस्य), अभिषेक कुशवाहा (सक्रिय सदस्य), शैलेंद्र पाल (जिला महासचिव), राहुल भदौरिया (विधानसभा अध्यक्ष माधौगढ़), सुबीर सिंह निरंजन (जिलाध्यक्ष शिक्षक मंच), नरेश कुमार वर्मा (जिलाध्यक्ष व्यापार मंच), अनिल कुशवाहा (जिला कार्यकारिणी सदस्य) सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कुठौंदा बुर्जुग में किया गया जन चौपाल का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कुठौंदा बुजुर्ग मे जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने बीडीओ को एक ज्ञापन सौपते हुये गांव मे अधूरे खेल मैदान को पूरा कराये जाने की मांग की। गांव मे जन चौपाल का आयोजन हुआ जिसमे खेल के मैदान को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी।ग्रामीणो ने कहा कि खेल मैदान का अधूरे निर्माण किया गया है जिसमे अधिकारियों की अनदेखी से की जा रही है इसको लेकर ग्रामीणों ने जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) के नाम संबोधित एक ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी (बीडीओ) को सौंपते हुये खेल मैदान का निर्माण कराये जाने की मांग की।गांव मे डीडीओ की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन प्रस्तावित था लेकिन किसी कारण के चलते डीडीओ नही आ सके जिसके चलते बीडीओ जालौन की अध्यक्षता मे जन चौपाल का आयोजन किया गया।जिसमे ग्रामीणो ने खेल मैदान के अधूरे निर्माण को लेकर मांग की। 31 जनवरी 2025 के आदेशों की अनदेखी का आरोप ग्रामीणों ने ज्ञापन मे खेल के मैदान को साढ़े तीन साल से पोर्टल पर 'अटका' होने की बात कही। उन्होने कहा कि पंचायत पोर्टल के मुताबिक, खेल मैदान का कार्य दिसंबर 2021 से प्रगति पर है। लगभग 2.50 लाख के बजट में से करीब 40,000 खर्च भी हो चुके हैं, लेकिन धरातल पर न समतलीकरण हुआ है और न ही बाउंड्री वॉल बनी है। इस मौके पर गजेन्द्र सिंह सेंगर, शिवम सेंगर, देवेश सेंगर, मयंक सेंगर, अतुल सेंगर, और रवि राजावत आदि ग्रामीणों ने कहा कि मैदान न होने से युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। खण्ड विकास अधिकारी ने ज्ञापन लेकर जल्द उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# हर ब्लॉक के 10-10 गांवों में चौपाल, एक माह में समस्त योजनाओं से होगा शत-प्रतिशत संतृप्तीकरण

( यंग भारत न्यूज )

जनपद में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रत्येक विकास खंड के 10-10 गांवों में विशेष चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से संतृप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे एक माह के भीतर पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शासन की मंशा के अनुरूप 'हर पात्र तक लाभ' सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम बनेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौपालों में सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता रहे, जिससे मौके पर ही पात्रता का सत्यापन कर योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गांव स्तर पर आयोजित इन चौपालों में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, राशन कार्ड, पेंशन योजनाएं, किसान सम्मान निधि, श्रम विभाग की योजनाएं समेत सभी प्रमुख योजनाओं को शामिल किया गया है। किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित न रहने देने के लिए विशेष अभियान मोड में कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक चौपाल की पूर्व सूचना ग्राम स्तर पर व्यापक रूप से प्रसारित की जाए, ताकि अधिकतम लोग इसमें भाग ले सकें। साथ ही, चौपालों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए। जनपद के सभी विकास खंडों में चिन्हित गांवों में चौपाल आयोजित करने की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं, जिनके माध्यम से चरणबद्ध तरीके से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। उपलब्ध सूची के अनुसार प्रत्येक ब्लॉक के 10-10 गांवों में निर्धारित तिथियों पर अपराह्न 3 बजे से चौपाल आयोजित की जा रही हैं, जिससे अभियान को समयबद्ध और प्रभावी बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पहल जनपद में सुशासन और पारदर्शिता की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे आमजन को सीधे लाभ मिल सकेगा।

# उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू होगी

( यंग भारत न्यूज )

उत्तरकाशी के भैरवघाटी स्थित भैरव मंदिर से मां गंगा की डोली श्रीगंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान कर चुकी है. शीतकाल में गंगा मैया भैरवघाटी में प्रवास करती है.

# एसपी ने पुलिस बल के साथ भृमण कर परखी यातायात व्यवस्था

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह द्वारा प्रभारी यातायात जालौन के साथ नगर के प्रमुख चौराहों जिला परिषद, अम्बेडकर चौहारा, शहीद भगत सिंह चौराहा, घण्टाघर, कोंच बस स्टैण्ड, जालौन चौराहा सहित मुख्य मार्गों व तिराहो/चौराहों का भ्रमण किया गया तथा नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम, सरल एवं सुदृढ़ बनाये रखने हेतु प्रभारी यातायात को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर दी जान, परिजनों में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** रविवार को जिले के कुठोंद थाना क्षेत्र के ग्राम कुठीला से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां 23 वर्षीय युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कुठीला निवासी स्वर्गीय हत्येन्द्र सिंह की पुत्री खुशबू ने उस समय यह कदम उठाया, जब घर के अन्य सदस्य किसी कार्य के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। बताया जा रहा है कि युवती घर में अकेली थी। जब परिजन वापस लौटे तो उन्होंने खुशबू को फांसी के फंदे पर लटका देखा। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए और घर में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, खुशबू शांत स्वभाव की थी और उसके इस कदम से सभी स्तब्ध हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है, ताकि घटना के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सके।

# तालाब में डूबने से 19 वर्षीय युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के माधोगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिहारी में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सिहारी निवासी ओम जी उर्फ बेटू राजावत (19 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के तालाब में डूबने से मौत हो गई। रविवार सुबह जब कुछ ग्रामीण शौचालय के पास से गुजर रहे थे, तो उन्होंने वहां युवक के कपड़े और मोबाइल फोन पड़े देखे। इस पर उन्हें अनहोनी की आशंका हुई और तुरंत इसकी सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तालाब में खोजबीन शुरू की गई। काफी प्रयास के बाद युवक का शव तालाब से बाहर निकाला गया। यह दृश्य देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता ध्रुव सिंह और माता नीतू गुजरात के सूरत शहर में रहते हैं। लगभग एक माह पूर्व वे गांव आए थे, जिसके बाद ओम जी, जो ग्वालियर में एमएससी की पढ़ाई कर रहा था, वह भी अपने माता-पिता के साथ गांव आ गया था। परिवार में वह इकलौता पुत्र बताया जा रहा है, जिससे घटना के बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला डूबने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। गांव में इस दुखद घटना के बाद सन्नाटा पसरा हुआ है और हर कोई इस हादसे से स्तब्ध नजर आ रहा है।

# जाति, निवास प्रमाण पत्र बनवाने पहुंची टीचर तो महिला लेखपाल ने ठुरर्स से दिया जवाब मैं बिना सुविधा शुल्क के काम नही करती

## लेखपालों के रवैए पर भड़कीं शिक्षिका जाति-निवास प्रमाण पत्र बनवाने को बीस दिन से चक्कर काट रहे

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** एक शिक्षिका लेखपालों के व्यवहार से बूरी तरह से परेशान हैं, कहती हैं कि बिना सुविधा शुल्क के कोई काम ही नहीं होता है। शिक्षिका पिछले बीस दिन से भटक रहीं हैं लेकिन उनका जाति और निवास प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, इन कागजातों की जरूरत उन्हें टेट के लिए है। एक महिला भीषण गर्मी में तहसील पहुंचीं और सिर पकड़ कर बैठ गई। वहां मौजूद लोगों ने जब उनकी पीड़ा जाननी चाही तो उन्होंने बताया कि वह शिक्षिका हैं। आगामी दिनों में उन्हें टेट की परीक्षा देनी है जिसके लिए जाति और निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। बीस दिन पहले उन्होंने इन कागजातों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था और तीन बार संबंधित लेखपाल को फोन कर चुकी है लेकिन जब वह साइबर कैफे वाले के पास जाती है तो उसे बताया जाता है कि तहसील से उसका आवेदन रिजेक्ट कर दिया गया है। उसे यह भी नहीं बताया जाता कि किन कारणों से आवेदन रिजेक्ट किया गया है। वह लेखपाल के कार्य व्यवहार से परेशान हो चुकी है इसलिए आज स्कूल बंद होने के बाद वह अधिकारियों से शिकायत करने आई है। उन्होंने गुस्से में आकर कहा, लेखपालों से पूरी पब्लिक परेशान है, बिना सुविधा शुल्क के कोई काम ही नहीं करना चाहता है

# नगर में चलाया गया ट्रेफिक अभियान

## प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर दो पहिया वाहनो का हुआ चालान

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। नगर के मार्कण्डेश्वर तिराहे पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह के निर्देशन में मंडी चौकी प्रभारी नितीश कुमार ने पुलिस टीम के साथ मिलकर सघन चैकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट, बिना कागजात और यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। चैकिंग अभियान के दौरान कुल 5 दोपहिया वाहनों के चालान काटे गए। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की हिदायत भी दी।मंडी चौकी इंचार्ज ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट वाहन चलाना और आवश्यक दस्तावेज न रखना दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। इसलिए सभी वाहन चालक नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें।अचानक हुई चैकिंग से वाहन चालकों में हलचल देखी गई, वहीं कई लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई का समर्थन भी किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के अभियान से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# परशुराम जयंती पर जगह-जगह निकाली गयी शोभायात्रा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** परशुराम जयंती के पावन अवसर पर विकास खंड कुठौंद क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ रविवार को पातालेश्वर महादेव परिसर से विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। यात्रा के दौरान क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। प्रशासन की मुस्तैदी रही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष भाजयुमो लकी त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप, मनोज दीक्षित, आदित्य शुक्ला ,जिला पंचायत सदस्य अनिरुद्ध द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य समाजवादी रावेन्द्र त्रिपाठी , गंभीर सिंह बिजवाहा जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार अनुराग शुक्ला, अनुज अग्निहोत्री,जगत चतुर्वेदी, श्याम जी चतुर्वेदी, गोपाल शुक्ला, पदम राजावत , गोपाल गुप्ता, हिमांशु दीक्षित,ऋषि दीक्षित, निधि दुबे ( निजामपुर), अनीता सेंगर, ज्ञानु सेंगर,रामू शुक्ला, गंभीर निषाद, भगवान दुबे,वीरू दुबे,ऋषभ शुक्ला, वैभव मिश्रा, भरत मिश्रा, रामू शुक्ला, अन्नू मिश्रा, अनुज मिश्रा,अनिल अवस्थी, श्यामू व्यास,प्रधान कुठौंद नरेंद्र महंत, अंकित, गोलू दीक्षित, आलोक पांडेय,रानू शुक्ला, नितिन शुक्ला, अनुज मिश्रा, ऋषि दीक्षित, मोनू चतुर्वेदी, भरत मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय युवाओं एवं समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# भीषण गर्मी के चलते प्रशासन ने स्कूलों का समय बदला

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** दिनों दिन बढ़ती गर्मी व लू के प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर जनपद के कक्षा 8 तक के सभी परिषदीय स्कूलों, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएस के समय में परिवर्तन कर दिया गया है।अब विधालय प्रात: 7.30 से दोपहर 12.00 बजे तक ही संचालित होंगे।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, अब विद्यालयों का संचालन संशोधित समय-सारिणी के तहत किया जाएगा, ताकि बच्चों को तेज धूप और गर्मी से बचाया जा सके। यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालयों को निर्देशित किया है कि नए समय का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे बच्चों को निर्धारित समय पर विद्यालय भेजें।

# ओवरलोड ट्राली पलटने से मचा हड़कंप, बड़ा हादसा टला

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जनपद के माधोगढ़ क्षेत्र में रविवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब बुंदेलखंड इंटर कॉलेज के पास ईंटों से भरी एक ओवरलोड ट्राली अचानक पलट गई। घटना के समय आसपास लोगों की मौजूदगी से अफरा-तफरी मच गई, हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक तेज रफ्तार में ईंटों से लदी ट्राली को लेकर जा रहा था। बताया जा रहा है कि ट्राली अत्यधिक ओवरलोड थी, जिससे संतुलन बिगड़ गया और कॉलेज के पास पहुंचते ही ट्राली सड़क पर पलट गई। तेज आवाज के साथ ट्राली के पलटते ही आसपास मौजूद लोग सहम गए और मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना के दौरान यदि राहगीर या वाहन पास होते तो बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन संयोग से उस समय सड़क पर ज्यादा आवाजाही नहीं थी, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों का संचालन आम बात हो गई है और प्रशासन की ओर से इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। आए दिन इस तरह की घटनाएं होने का खतरा बना रहता है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। ट्रैक्टर-ट्राली को हटवाकर रास्ता साफ कराया गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की बात कही है। इस घटना ने एक बार फिर ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार के खतरों को उजागर कर दिया है, जिससे सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

# परशुराम जयंती पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा, घोड़े पर सजी प्रतिमाएं

## रथों पर महापुरुषों के चित्र, ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों से गूंजा नगर

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर में भगवान विष्णु के छटे अवतार भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।मंडी गेट रामकुंड से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उत्साह के साथ शामिल हुए।शोभायात्रा रामकुंड मंडी गेट से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग से होती हुई मार्कंडेश्वर तिराहा, बस स्टैंड, सागर चौकी, चन्दंकुआ, बजरिया पावर हाउस,बजरिया बाट स्कूल होते हुए ब्राह्मण महासभा स्थल पर पहुंची जहां पूजा अर्चना एवं हवन पूजन के साथ तमाम धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।इस दौरान शोभायात्रा मार्ग में जगह-जगह जलपान की भी व्यवस्था की गई।इस दौरान शोभायात्रा में घोड़े पर भगवान परशुराम की सजी-धजी प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। साथ ही रथों पर विभिन्न महापुरुषों के चित्र सजाए गए थे, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण बना रहा। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की धुन पर युवाओं और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से जयकारे लगाए, जिससे पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया।शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किए गए थे। मौके पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह,वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, चौकी प्रभारी सुमित पांडेय,मंडी चौकी प्रभारी नितीश कुमार,खेड़ा चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार, सहित पुलिस बल तैनात रहा नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों एवं आयोजकों ने व्यवस्था संभाली और शोभायात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया।कार्यक्रम के समापन पर ब्राह्मण महासभा स्थल पर भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की गई तथा समाज के लोगों ने एकजुट होकर धार्मिक एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, युवा एवं बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।इस मौके पर संस्थापक सदस्य सर्वाचरण वाजपेयी, दिनेश दुबे, आनन्द दुबे, अखिलेश बबेले, राजेश मिश्र, विज्ञान सीरोठिया,बासपा प्रत्याशी आशीष पांडेय,राहुल तिवारी कैलिया,महासभा अध्यक्ष धर्मेंद्र बबेले,पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,विधायक मूलचंद्र निरंजन,महासभा महामंत्री रंजन गोस्वामी, राघवेंद्र तिवारी, हरिश्चंद्र तिवारी, निर्मल गोस्वामी, भास्कर दुबे, नरेंद्र उर्फ लल्लन दुबे, राजू खेमरिया,राजेन्द्र भारद्वाज, अमरेंद्र दुबे, विजय रावत, अशुतोष रावत, अखिलेश व्यास, विपिन शाण्डिल्य,विवेक द्विवेदी, जयप्रकाश रावत, पीडी रिछारिया, पुन्नी रिछारिया, सुमित रिछारिया ,शैलेन्द्र बसेडिया,प्रधव मित्रा सहित सैकड़ों विप्र बन्धु मौजूद रहे।पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने अपने आवास पर,स्टेट बैंक के पास सपा नगर अध्यक्ष अमित यादव सभासद ने अपनी पूरी टीम के साथ शोभायात्रा का स्वागत कर जलपान वितरण किया।





# क्योलारी में हुआ संकुल स्तरीय शिक्षा चौपाल व स्कूल चलो अभियान का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** नदीगांव खंड शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय क्योलारी में संकुल स्तरीय शिक्षा चौपाल,स्कूल चलो अभियान तथा वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसए चंद्रप्रकाश व खंड शिक्षा अधिकारी नदीगांव शैलेंद्र कुमार उत्तम मौजूद रहे। शिक्षण सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ग्रामीण अभिभावकों को संबोधित करते हुए बीएसए ने कहा, शिक्षक समाज का निर्माता होता है,

जो बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देता है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों का समय से विद्यालय में नामांकन कराना शिक्षक और अभिभावकों की संयुक्त जिम्मेदारी है, जिससे उन्हें शिक्षा के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के संरक्षक महेंद्र सिंह भाटिया ने कहा कि संघ हमेशा शिक्षकों के हित में संघर्ष करता है और टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार है। जिला मंत्री नरेश निरंजन ने कहा कि शिक्षक शैक्षिक कार्यों के साथ-साथ सरकारी दायित्वों का भी निर्वहन करता है, ऐसे में किसी भी समस्या पर संघ उसके साथ खड़ा रहता है। संचालन कृष्णकांत वाजपेयी ने किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक महेंद्र सिंह, उपवन कुमार सिंह, शिवेंद्र निरंजन, त्रिभुवन नारायण द्विवेदी, गौरव शुक्ला, हरिमोहन, स्पेशल एजुकेटर नीरज पांचाल, दीपेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जाम के झाम में फंसी रही भगवान परशुराम की शोभायात्रा, घंटों थमी रही नगर की रफ्तार



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन** अक्षय तृतीया और भगवान श्री परशुराम जयंती के पावन अवसर पर जालौन नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गई। नगर की सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों और दुकानदारों द्वारा किए गए भारी अतिक्रमण के कारण शोभायात्रा घंटों जाम में फंसी रही, जिससे न केवल श्रद्धालु बल्कि आम राहगीर भी बेहाल नजर आए।

नगर में भगवान परशुराम की जयंती पर गाजे-बाजे और धार्मिक नारों के साथ शोभायात्रा निकाली गई थी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। लेकिन जैसे ही यात्रा मुख्य बाजारों में पहुंची, वहां पहले से मौजूद जाम ने यात्रा की गति रोक दी। स्थिति यह रही कि शोभायात्रा अपने निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे की देरी से संपन्न हो सकी।

जाम का मुख्य कारण सड़कों पर दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण, बेतरतीब ढंग से खड़े उल्टे-सीधे वाहन और नगर में बेतहाशा दौड़ रहे ई-रिक्शों को माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और यात्रा आयोजकों में इस अव्यवस्था को लेकर गहरा रोष देखा गया। लोगों का कहना है कि इतने बड़े धार्मिक आयोजन की पूर्व सूचना होने के बावजूद पुलिस और प्रशासन ने यातायात सुचारू रखने के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं किए। नगर वासियों ने मांग की है कि जालौन नगर को जाम मुक्त करने के लिए प्रशासन को ठोस योजना बनानी चाहिए ताकि भविष्य में होने वाले धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में इस तरह की बाधा उत्पन्न न हो।

# बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है- भागवताचार्य

( यंग भारत न्यूज )




**जालौन-उरई।** व्यक्ति का बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया गया है। यह बात नाना महाराज मंदिर परं आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित प्रदीप तिवारी ने कही।

तीसरे दिन कथा व्यास पंडित प्रदीप तिवारी ने श्रोताओं को बताया कि राजा उत्तानपाद के वंश में ध्रुव हुए हैं। ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उनकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया। जिससे एक बड़ा संकट टल गया। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि भगवान इस लोहे के खंभे में भी हैं और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए व हिरण्यकश्यप का वध करके भक्त प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की। इस मौके पर महंत विजय रामदास महाराज, पारीक्षित महेंद्र सिंह भदौरिया, हिम्मत सिंह भदौरिया, अरविंद सिंह भदौरिया, अरविंद गुप्ता, बीनू, अर्चना, सुनीता, शशी, विनीता आदि रहे।

# जालौन पुलिस ने जब नही लिखा दहेज उत्पीड़न का मामला तो फरियादी की सुनकर कोर्ट ने कोतवाली जालौन में दर्ज करवा दी रिपोर्ट, आदेश करके

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** ससुरालियों द्वारा अतरिक्त दहेज की मांग करने और मांग पूरी न होने से बेटी को प्रताडित करने एवं बीमार होने पर उचित उपचार न होने के चलते उसकी मृत्यु होने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी अरूण कुंमार ने न्यायालय को बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी सोनम की शादी एक जून 2021 को काशीपुरा निवासी संजय के साथ की थी। शादी के बाद ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में कार की मांग करने लगे। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो ससुरालियों ने बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और उसे भूखा रखा। जिसके चलते वह बीमार हो गई। बीमार होने के बाद भी ससुराल के लोगों ने उसका सही से इलाज नहीं कराया। जिससे बीमारी बढ़ती गई। बेटी को वह लेकर आए और उसका भोपाल और ग्वालियर में इलाज कराया। लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं पाए और लगभग पांच माह पूर्व बेटी की मौत हो गई। पिता जिसकी सूचना उसने पुलिस में भी दी थी। लेकिन उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। शनिवार को पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी ससुराली खंडेराव निवासी पति संजय नगाइच, सुरेंद्र नगाइच, सोमप्रकाश, प्रभादेवी व कानपुर निवासी आरती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

# डीएम को शिकायती पत्र देकर नए एलपीजी कनेक्शन दिलाने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और सामान्य घरेलू एलपीजी गैस के नए कनेक्शन नहीं हो रहे हैं। इसको लेकर नगरवासी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर नए कनेक्शन दिलाने की मांग की हैं

नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफ़ाक राईन ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि गैस एजेंसियों पर नए गैस कनेक्शन नहीं हो रहे हैं और न ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन किए जा रहे हैं। इस बारे में जब गैस एजेंसी पर बात की जाती है तो वह कहते हैं नए कनेक्शनों पर रोक लगी है। जबकि इस बाबत अभी तककेंद्र या राज्य सरकार की ओर से कनेक्शन बंद करने का कोई भी आधिकारिक आदेश या अधिसूचना जारी नहीं की गई है, इसके बावजूद एजेंसियां मनमाने ढंग से जनता को उनके अधिकारों से वंचित कर रही हैं। इस अघोषित रोक के कारण क्षेत्र के गरीब, जरूरतमंद और नवविवाहित परिवारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इसकी जांच कराई जाए और पात्र लाभार्थियों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं।

# विश्वकर्मा मंदिर से दो घंटे और दान पात्र की चोरी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर के मोहल्ला चिमनदुबे स्थित विश्वकर्मा मंदिर से दो घंटे और दान पात्र की चोरी हो गई। मोंहल्ले के लोगों ने चोरी की सूचना पुलिस को दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना किया और चोरी के संबंध में जानकारी ली। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे में भगवान विश्वकर्मा का मंदिर स्थापित है। इस मंदिर पर पीतल के घंटे और दान पात्र रखा था। रविवार की सुबह जब मोहल्ले के लोग मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए पहुंचे तो मंदिर में लेग दो घंटे और दान पात्र चोरी हो गए थे। मोहल्ले के लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया और आसपास के लोगों से इसकी जानकारी ली। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# परशुराम जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, पातालेश्वर महादेव से हुआ शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंद( जालौन )।** परशुराम जयंती के पावन अवसर पर विकास खंड कुठौंद क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ रविवार को पातालेश्वर महादेव परिसर से विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। यात्रा के दौरान क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। प्रशासन की मुस्तैदी रही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष भाजयुमो लकी त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप, मनोज दीक्षित, आदित्य शुक्ला ,जिला पंचायत सदस्य अनिरुद्ध द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य समाजवादी रावेन्द्र त्रिपाठी , गंभीर सिंह बिजवाहा जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार अनुराग शुक्ला, अनुज अग्निहोत्री,जगत चतुर्वेदी, श्याम जी चतुर्वेदी, गोपाल शुक्ला, पदम राजावत , गोपाल गुप्ता, हिमांशु दीक्षित,ऋषि दीक्षित, निधि दुबे (निजामपुर), अनीता सेंगर, ज्ञानु सेंगर,रामू शुक्ला, गंभीर निषाद, भगवान दुबे,वीरू दुबे,ऋषभ शुक्ला, वैभव मिश्रा, भरत मिश्रा, रामू शुक्ला, अन्नू मिश्रा, अनुज मिश्रा,अनिल अवस्थी, श्यामू व्यास,प्रधान कुठौंद नरेंद्र महंत, अंकित, गोलू दीक्षित, आलोक पांडेय,रानू शुक्ला, नितिन शुक्ला, अनुज मिश्रा, ऋषि दीक्षित, मोनू चतुर्वेदी, भरत मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय युवाओं एवं समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# श्रीराम जन्मोत्सव परमोत्सव सम्मान प्रतिष्ठा के पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन

( यंग भारत न्यूज )




**जालौन-उरई।** रामराजा सरकार शांतिधाम खर्रा में 25वां श्रीराम जन्मोत्सव परमोत्सव सम्मान प्रतिष्ठा के पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन विधि विधान के साथ संपन्न हुआ।

रामराजा सरकार शांतिधाम खर्रा में रामाराज दरबार स्थापित है। 25वां श्रीराम जन्मोत्सव परमोत्सव सम्मान समारोह का आयोजन बीती 14 अप्रैल से शुरू हुआ था। रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यक्रम का समापन हुआ। पांच दिनों तक चले इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, प्रवचन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लेकर भगवान सम्मान प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया। समापन दिवस पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजन और हवन का आयोजन किया गया। आचार्यों ने विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न कराए और श्रद्धालुओं को धर्म, आस्था और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और जय श्रीराम के उद्घोष गूंजते रहे। कार्यक्रम के दौरान संत-महात्माओं ने प्रभु श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य, धर्म और मर्यादा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर ही समाज में शांति और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर वैद्य अखिलेश प्रताप सिंह, डॉ. आशीष सेंगर, रामाराजा पुरोहित, रमाकांत चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# यूपी में बिजली स्मार्ट मीटर पर रोक, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने समीक्षा बैठक के बाद लिया फैसला



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** यूपी में बिजली स्मार्ट मीटर का लगातार विरोध हो रहा है। आए दिन इसको लेकर शिकायतें मिल रही हैं। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने तत्काल प्रभाव से यूपी में स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगा दी है।

प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने शक्ति भवन, लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में विद्युत व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, उपभोक्ता हितैषी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। ऊर्जा मंत्री ने विशेष रूप से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में गठित तकनीकी समिति जब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देती और उसकी जांच नहीं हो जाती, तब तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी।

### जीरो बैलेंस होने पर भी नहीं कटेगी बिजली

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए कहा कि जहां स्मार्ट मीटर अभी तत्काल में लगे हैं, वहां लगभग 15 दिन की कन्वर्जन अवधि और उसके बाद 30 दिन यानी कुल लगभग 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है कि जीरो बैलेंस होने की स्थिति में भी अधिकतम 3 दिन या 200 तक (2 किलोवाट भार तक) विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

### 5-स्तरीय SMS अलर्ट प्रणाली लागू होगी

उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 5-स्तरीय स्स्स अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके तहत बैलेंस 30 प्रतिशत होने पर पहला, 10 प्रतिशत पर दूसरा, बैलेंस समाप्त होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पूर्व चौथा और डिस्कनेक्शन के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त मंत्री ने निर्देश दिए कि रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में बैलेंस नेगेटिव होने पर भी किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

### 'बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को हल करें अधिकारी'

गर्मी के मौसम को देखते हुए मंत्री ने सभी डिस्कॉम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर बदलने में किसी प्रकार की देरी न हो और ढीले तारों व स्पार्किंग की समस्याओं को तत्काल ठीक किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अनुरक्षण कार्यों में तेजी लाकर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जाए। इसके साथ ही मंत्री ने निर्देशित किया कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन डिस्कनेक्ट हुए हैं, उनसे फोन कॉलिंग के माध्यम से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए।

# साहब, पति ही करवाता है मेरा रेप.', महिला का सनसनीखेज दावा, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने पति-पत्नी के रिश्ते को शर्मसार कर दिया. महिला ने अपने पति पर ऐसे गंभीर आरोप लगाए, कि वैवाहिक रिश्तों की पवित्रता और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए

फिलहाल, पुलिस ने मामले को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं. पीड़ित महिला ने पुलिस के शिकायत करते हुए बताया कि पति ने उसकी जिंदगी को नर्क बना दिया. जबकि शादी लव मैरिज हुई थी. शादी के कुछ सालों तक सबकुछ ठीक ठाक रहा, लेकिन फिर बाद में पति ने अपना असली रंग दिखा दिया. पति लगातार अपने और रसूखदार अधिकारियों के साथ अवैध शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था. जब इसका विरोध किया जाता, तो मारपीट करता और धमकी देता था. कई बार इस उसे समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने एक नहीं सुनी. बल्कि शारीरिक संबंध के लिए और ज्यादा दबाव बनाने लगा. जब मामला हद से ज्यादा पहुंच गया, तो इसकी शिकायत पुलिस से की. जिसमें बताया कि 13 अप्रैल को पति ने दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी. इस दिन पति ने घर पर नशे में धुत दोस्तों के साथ शारीरिक शोषण कराया. जिसके बाद वह काफी डर गई. पहले तो वह अपनी बेटी के लिए सबकुछ सहने के लिए तैयार हो गई थी, लेकिन इस घटना ने झकझोर कर रख दिया. पीड़ित महिला ने पति की इस हरकत के सबूत होने की भी बात कही और बताया कि पति ने उसके फोन को लॉक कर दिया है, ताकि सबूत को मिटाया जा सके. महिला ने पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है. उसका कहना है कि फोन की जांच करें, तो सबकुछ साफ हो जाएगा. हालांकि, पुलिस ने भी मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं. फिलहाल, वजह चाहे जो भी रही हो, लेकिन इस घटना ने पति-पत्नी के रिश्ते को तार-तार कर दिया. अब देखना यह होगा कि पुलिस अब आगे इस मामले में क्या कार्रवाई करती है.

# गांव की महिला से युवक का विवाद, दांतों से काटा प्राइवेट पार्ट, पत्नी के पास लौटे पति की एक माह बाद मौत

( यंग भारत न्यूज )



एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाद के बाद एक महिला ने युवक के प्राइवेट पार्ट में काट लिया। इससे लगभग एक माह बाद युवक की मौत हो गई

ये खबर आप हिमाचल से में पढ़ रहे हैं। आरोप है कि विवाद के बाद एक महिला ने युवक के प्राइवेट पार्ट में काट लिया। इससे लगभग एक माह बाद युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की शिकायत पर युवक का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम में मौत की वजह स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने बताया कि मौरांवा थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक कर्नाटक के भागलकोट में आइसक्रीम बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। एक माह पहले वह अपने गांव आया था। इसी दौरान गांव की एक महिला से उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान महिला ने युवक के हाथ और उसके प्राइवेट पार्ट में दांतों से काट लिया। घटना के समय युवक की पत्नी और बच्चे कर्नाटक में ही थे, इसलिए वह काम पर लौट गया। कुछ ही दिनों बाद वहां उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे निजी वाहन से वापस गांव ला रहे थे, लेकिन बुधवार को रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी ने शिकायत कर महिला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्नी का कहना है कि महिला के काटने की वजह से ही उसके पति की मौत हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की स्पष्ट वजह सामने नहीं आ सकी है। डॉक्टरों ने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विसरा सुरक्षित कर लिया है। अब पुलिस विसरा रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# साहेब, रात को कॉल करते हैं और गंदी.', लेडी कंडक्टर ने लगाया ऐसा आरोप, रोडवेज विभाग में मचा हड़कंप



( यंग भारत न्यूज )

**आगरा।** आगरा के ताज डिपो से एक चौंकाने वाला मामला प्रकाश में आया है, जिसमें एक लेडी कंडक्टर ने अपने सहकर्मियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला कर्मचारी का कहना है कि ड्यूटी खत्म करने के बाद रातभर उसके फोन किए जाते हैं और उससे आपत्तिजनक बातें की जाती हैं, जिससे न केवल वह बल्कि उसका परिवार भी परेशान हो रहा है।

इस मामले ने आगरा रोडवेज विभाग में हलचल मचा दी है। शिकायतकर्ता महिला परिचालक ने क्षेत्रीय प्रबंधक को शिकायत दी है कि उसके कुछ सहकर्मी ड्यूटी समाप्त करने के बाद उसके मोबाइल पर लगातार कॉल करते हैं। वह रात के समय में फोन कर उसकी व्यक्तिगत सीमाओं का उल्लंघन करते हैं और आपत्तिजनक बातें करते हैं। इस स्थिति से उसकी निजता और पारिवारिक शांति प्रभावित हो रही है। महिला ने बताया कि कई बार समझाने के बावजूद भी ये कर्मचारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इससे न केवल उसकी मानसिक स्थिति प्रभावित हुई है, बल्कि उसके परिवार में भी तनाव की स्थिति बन गई है। महिला परिचालक के आरोपों का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने साथ हुई घटनाओं का उल्लेख कर रही हैं। इस वीडियो के प्रसारित होने के बाद विभाग में हलचल तेज हो गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज बीपी अग्रवाल ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले का संज्ञान लेते हुए ताज डिपो के एआरएम को निर्देश दिया गया है कि तीन दिनों के भीतर इस मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। विभागीय अधिकारी मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दे रहे हैं।

**मामला क्या है**

यह मामला ताज डिपो में तैनात एक महिला परिचालक का है, जो अपनी ड्यूटी समय से पूरी कर घर लौटने के बाद भी अपने सहकर्मियों द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत कर रही हैं। आरोप है कि रात के समय में लगातार कॉल और आपत्तिजनक बातें कर उसके स्वजन को भी परेशान किया जा रहा है।

# वाराणसी में शराब के नशे में धुत पिता ने बेटी संग किया दुष्कर्म, सारनाथ रेलवे स्टेशन से मुम्बई भागते समय गिरफ्तार



**वाराणसी ( चौबेपुर )।** क्षेत्र स्थति एक गांव में एक पिता ने शराब के नशे में अपनी नौ वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया। यह घटना तब हुई जब बच्ची घर में सो रही थी। बच्ची की मां की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की और आरोपी पिता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। 18 अप्रैल की रात लगभग 10 बजे, जब बच्ची अपनी मां के साथ घर में सोई हुई थी, तब उसकी मां छत पर थी। इसी दौरान, शराब के नशे में धुत पिता ने जबरन अपनी मासूम बेटी के साथ दुराचार किया। जब बच्ची ने रोते हुए अपनी मां को इस घटना के बारे में बताया, तो मां ने तुरंत थाने जाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल चेकअप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरपतपुर में कराया। मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पिता को सारनाथ रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया, जब वह मुम्बई भागने की कोशिश कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान के बाद वधिकि कार्रवाई की गई है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि इस मामले में बाप -बेटी के रिश्ते को कलंकित करने वाले आरोपी को दुष्कर्म और पास्को अधिनियम की धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वह जल्द ही इस मामले में आरोपी को सजा दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

# मुरादाबाद का 'जिम कांड': विलेन से बचाने आया था हीरो, लेकिन खुद निकला सबसे बड़ा विलेन; युवती को फंसाकर किया शारीरिक शोषण

( यंग भारत न्यूज )



**मुरादाबाद।** एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हरथला इलाके में एक जिम संचालक पर युवती के साथ शारीरिक शोषण करने और उसे ब्लैकमेल करने के गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता हरथला क्षेत्र की रहने वाली 25 वर्षीय युवती है। उसने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले एक युवक उसका पीछा कर रहा था, जिससे वह काफी डर गई थी। इसी दौरान इलाके के जिम संचालक सुहैल मलिक ने बीच-बचाव कर उसे उस युवक से छुटकारा दिलाया, जिसके बाद पीड़िता को उस पर भरोसा हो गया और दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने पहले हमदर्दी दिखाकर नजदीकियां बढ़ाई और फिर उसे प्रेम संबंध में फंसा लिया। इसके बाद उसने शारीरिक संबंध बनाए और चोरी-छिपे उसके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो रिकॉर्ड कर लिए। आरोप है कि बाद में आरोपी ने इन्हीं वीडियो और तस्वीरों के आधार पर युवती को धमकाना शुरू कर दिया और उसे बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। इसके साथ ही वह उससे पैसे की मांग भी करता रहा और कथित रूप से उगाही करता रहा। लगातार मानसिक दबाव और डर के कारण पीड़िता लंबे समय तक चुप रही, लेकिन जब स्थिति असहनीय हो गई तो उसने पुलिस से शिकायत की। पुलिस अधीक्षक नगर के अनुसार, पीड़िता की तहरीर पर आरोपी जिम संचालक सुहैल मलिक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है और मामले की जांच जारी है।


# पॉश इलाके में 'रेव पार्टी' का भंडाफोड़, LSD नाइट में झूमते मिले 140 युवक-युवती, ऐसे हुआ खुलासा

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** यूपी के कानपुर से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है, जहां एक तरफ शहर अपनी औद्योगिक पहचान के लिए जाना जाता है, वहीं दूसरी ओर युवाओं की रगों में 'नशा' घोलने का काला कारोबार पैर पसार रहा नवाबगंज थाना क्षेत्र के NRI सिटी में पुलिस ने एक ऐसी ही हाई-प्रोफाइल 'ड्रग नाइट' का पर्दाफाश किया है।

LSD नाइट में झूमते मिले 140 युवक-युवती

कानपुर के पॉश इलाके NRI सिटी के एक क्लब में संगीत की धुन और शराब के दौर के बीच कुछ ऐसा परोसा जा रहा था, जिसने पुलिस के भी होश उड़ा दिए। मुखबिर की सटीक सूचना पर जब नवाबगंज पुलिस ने क्लब में छापेमारी की, तो वहां का नजारा देखकर अधिकारी दंग रह गए। इस 'स्स्ष्ठ नाइट' में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और कानपुर के लगभग 140 युवक-युवतियां झूमते पाए गए। चौंकाने वाली बात यह है कि पकड़े गए लोगों में ज्यादातर इंजीनियरिंग कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं शामिल हैं।



### पार्टी का मॉडस ऑपरेंडी

डिजिटल आमंत्रण: इस ड्रग पार्टी का प्रचार किसी गुप्त पोस्टर से नहीं, बल्कि इंस्टाग्राम के जरिए किया गया था।

एंट्री फीस: पार्टी में शामिल होने के लिए प्रति व्यक्ति 1 हजार रुपये की एंट्री फीस रखी गई थी। ड्रग का स्रोत: पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि नशे की यह खेप सीधे राजस्थान के पुष्कर से मंगवाई गई थी। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में स्स्ष्ठ ड्रग्स बरामद की है और पार्टी के मुख्य ऑर्गनाइजर समेत ड्रग डीलर को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### पार्टी में परोसी गई ड्रग

इसको लेकर कानपुर के पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि नवाबगंज के एक क्लब में अवैध रूप से ड्रग पार्टी आयोजित की जा रही है। छापेमारी के दौरान वहां स्स्ष्ठ और अन्य प्रतिबंधित पदार्थ पाए गए हैं। पार्टी में बाहरी राज्यों से भी युवा आए थे। हमने मुख्य आयोजक और ड्रग्स सप्लाई करने वाले मुख्य डीलर को गिरफ्तार कर लिया है। भविष्य में भी ऐसे क्लबों पर हमारी पैनी नजर रहेगी जो युवाओं को नशे की गर्त में धकेल रहे हैं। इस घटना ने शहर के अभिभावकों और प्रशासन के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या अब सोशल मीडिया के जरिए ड्रग्स की 'होम डिलीवरी' और 'पार्टी कल्चर' कानपुर की नई हकीकत बनती जा रही है। पुलिस फिलहाल पकड़े गए आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर रही है ताकि ड्रग सिंडिकेट की और कड़ियों को जोड़ा जा सके।



# जावेद की टीवी पर होगी वापसी इस डांस रियलिटी शो में बनेंगे जज

मुंबई। दिग्गज अभिनेता जावेद जाफरी एक बार फिर टीवी की दुनिया में लौट रहे हैं। सोनी टीवी ने अपने चर्चित डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' का प्रोमो जारी किया है, जिसमें अभिनेता को जज की कुर्सी संभालते देखा जाएगा। शो की थीम इंडिया वाला डांस होगी, जिसके जरिए प्रतियोगी देशभर की विविध नृत्य शैलियों को पेश करेंगे। जाहिर है कि जावेद 1996 में आए लोकप्रिय डांस शो 'बूगी वूगी' में जज रह चुके हैं। 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' के प्रोमो में जावेद कहते हैं, कभी सोचा है कि स्टेज 30 बाय 30 के स्टेज पर, क्या 140 करोड़ लोग नाच सकते हैं? बिल्कुल नाच सकते हैं। इंडियाज बेस्ट डांसर के स्टेज पर होगा 'इंडिया वाला डांस'। ऐसे में सारा इंडिया नाचेगा।

लाइफ Style



# रश्मिका

## नई फिल्म 'मायसा' से उड़ाएंगी होश

मुंबई

रशिमका मंदाना अपनी नई फिल्म 'मायसा' में एकदम अलग अंदाज में नजर आने वाली हैं। रॉविंद्र पुल्ले के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक रहस्यमयी एक्शन थ्रिलर है, जिसकी कहानी जनजातीय क्षेत्रों पर आधारित है। रश्मिका के जन्मदिन पर, टीम ने फिल्म का एक बेहद दमदार पोस्टर जारी किया। इसी के साथ, निर्देशक रॉविंद्र पुल्ले ने सोशल मीडिया पर रश्मिका की मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग के बारे में एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने रश्मिका को 'द वेपन' बताया और इसे 'निशानों में लिखी हुई जंग' कहा। फिल्म के टीजर में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है, जिसके लिए रश्मिका अपने दमदार किरदार में जान फूंकने के लिए मार्शल आर्ट्स की कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस इंटरनेशनल स्टंट एक्सपर्ट एंडी लॉन्ग डिजाइन कर रहे हैं। वहीं, श्रेयस पी कृष्ण विजुअल्स संभाल रहे हैं और संगीत जेक्स बेजॉय ने दिया है। 'मायसा' के अलावा, रश्मिका जल्द ही शाहिद कपूर और कृति सैनन के साथ 'कॉकटेल 2' में, और विजय देवरकोंडा के साथ 'रानाबाली' में भी नज़र आएंगी।


फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है।

हॉलीवुड मसाला




# मिर्याम बनकर पर्दे पर मचाएंगी तहलका

लॉस एंजिल्स। सिनर्स (सिनर्स) से मशहूर अभिनेत्री ली जुन ली सुपरहिट वेब सीरीज 'द लास्ट ऑफ अस' के तीसरे सीजन में मिर्याम का किरदार निभाएंगी, जो लेव और यारा की मां हैं। इस गर्मियों में शूटिंग शुरू होने वाली है। क्रेग मजिन, जो अब अकेले शो-रनर हैं, तबाही के बाद की इस हिट ड्रामा सीरीज की अगली कहानी को आगे बढ़ाएंगे। सीजन 3 में कास्ट और भी बड़ी हो गई है। इसमें एरियला बैरेर, तती गैब्रिएल और स्पेंसर लॉर्ड जैसे नाम लौट रहे हैं। इनके साथ ही, बेला रैम्से जैसे पुराने सितारे भी अपनी भूमिकाएँ निभाते दिखेंगे। इन नए जुड़ावों से फैंस को लेव और यारा की जिंदगी से जुड़ी और कहानियाँ देखने को मिलेंगी।




# 'टॉप गन 3' के साथ वापसी करेंगे टॉम क्रूज

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं, जिसमें उन्हें एक बुजुर्ग व्यक्ति के किरदार में देखा जाएगा। हालांकि, दर्शकों को लुभाने का उनका सिलसिला अभी खत्म नहीं होगा, क्योंकि अभिनेता 'टॉप गन' फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त के साथ फिर लौटेंगे। पैरामाउंट ने निर्माता जेरी ब्रुकहाइमर के साथ मिलकर इस फ्रैंचाइजी की वापसी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म पर काम शुरू कर दिया गया है। अमेरिका के सिनेमाकॉन समारोह में, पैरामाउंट फिल्म के सह-प्रमुख जोश ग्रीनस्टीन ने 'टॉप गन 3' को लेकर बात की। उन्होंने कहा, फिल्म आधिकारिक तौर पर विकास के चरण में है, और इसकी पटकथा पर काम तेजी से चल रहा है।



# क्या हाथ लगेगी विक्की की महावतार...

मुंबई। 'छावा' की अपार सफलता के बाद, विक्की कौशल पौराणिक फिल्म 'महावतार' को लेकर चर्चा में हैं। अमर कौशिक की इस फिल्म में उन्हें भगवान विष्णु के छठे अवतार 'चिरंजीवी परशुराम' के किरदार में देखा जाएगा। पहले खबर थी कि निर्माता फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के लिए दीपिका पादुकोण से बात कर रहे हैं। फिर श्रद्धा कपूर का नाम चर्चा में आया। अब इस भूमिका के लिए मिस यूनिवर्स 2021 रहीं हरनाज संधू का नाम सामने आ रहा है। परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने बताया, फिल्म निर्माता 'महावतार' में विक्की कौशल के साथ एक नए चेहरे को कास्ट करके एक नई जोड़ी बनाना चाहते थे, और वे इस भूमिका के लिए हरनाज संधू से बातचीत कर रहे हैं। यह नई जोड़ी पंजाब के 2 मूल अभिनेताओं को एक साथ लाएगी।



# वरुण और कृति का धमाकेदार डांस...

मुंबई। कृति सैनन और वरुण धवन अपनी आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में एक बार फिर साथ दिखेंगे। फिल्म के आखिर में एक धमाकेदार डांस सीक्वेंस होगा, जिसमें ये दोनों नज़र आएंगे। डेविड धवन के निर्देशन में 16 अप्रैल को शूट किया गया यह जबरदस्त सीन फिल्म को एक मजेदार और यादगार विदाई देगा। यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य किरदारों में हैं। वहीं, कृति सैनन इस पोस्ट-क्रेडिट सीक्वेंस में एक कैमियो करती दिखेंगी। यह स्पेशल डांस नंबर फिल्म के युवा अंदाज़ को दर्शाता है और इसमें सैनन-धवन की शानदार केमिस्ट्री भी देखने को मिलेगी। इसके अलावा, वरुण और मृणाल पर फिल्माया गया गाना 'विवाह करवाडो जी' भी ऑनलाइन काफी पॉपुलर हो रहा है।

टीवी मसाला




# खतरों के खिलाड़ी-15 में शहनाज तान्या व गौरव समेत कई सेलिब्रिटी लेंगे रिस्क

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई। रियलिटी टीवी शो खतरों के खिलाड़ी के 14 सीजन लाइव हो चुके हैं। वहीं फैंस अब इसके 15वें सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसको लेकर काफी समय से चर्चा भी हो रही है। हालांकि अब खतरों के खिलाड़ी 15 जल्दी ही रिलीज होने वाला है। इसके लिए पहले मेकर्स ने प्रोमो भी जारी किया था। हालांकि ये प्रोमो एआई पर आधारित था। इस प्रोमो में कंटेस्टेंट्स का चेहरा नहीं दिखाया गया था। वहीं अब खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 के कंटेस्टेंट्स की जानकारी सामने आई है।

### नजर आएंगे दिग्गज एक्टर्स

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो इस बार दर्शकों को अपने कुछ बेहतरीन और पसंदीदा एक्टर्स देखने को मिल सकते हैं। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में बिग बॉस 13 में अपनी बातों, अदाओं और टैलेंट से दिलों पर राज करने वाली शहनाज गिल नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही बिग बॉस 17 फेम समर्थ जुरेल और बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना और बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल भी इस सीजन में नजर आने वाली हैं। इतना ही नहीं खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में मशहूर कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान के पति शिरीष कुंदर भी नजर आ सकते हैं।

### कब शुरू होगा खतरों के खिलाड़ी 15?

सोशल मीडिया पर जानकारी मिली है कि खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की शूटिंग मई में शुरू होने वाली है। वहीं शो जून या जुलाई में आने की उम्मीद है। हालांकि मेकर्स ने अब तक इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। वहीं अब धीरे-धीरे मेकर्स सभी कंटेस्टेंट्स के फेस रिवील कर सकते हैं।

# उधार की कलम से सिगरेट के फॉयल पर लिखा गाना हो गया अमर

मुंबई। सुरों की कोकिला कही जाने वाली लता मंगेशकर ने एक ऐसा गाना गाया, जो अमर बन गया। आज भी जब ये गाना बजता है तो लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं लेकिन इसे लिखे जाने के पीछे की कहानी कुछ ऐसी है कि आप जानकर चौंक जाएंगे। चलिए जानते हैं कि इस गीत को कैसे लिखा गया।

### कौन सा है गाना?

हम जिस गाने की बात कर रहे हैं। उसके बोल हैं 'ऐ मेरे वतन के लोगों'। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने और इसके बोल लिखे थे कवि प्रदीप ने। इसके अलावा इसे सी.रामचंद्र द्वारा संगीतबद्ध किया गया था। इस गाने को पहली बार 27 जनवरी 1963 को दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में लता मंगेशकर द्वारा पहली बार लाइव गाया गया था। यह गीत 1962 के भारत-चीन युद्ध के शहीदों को समर्पित था।



### कैसे लिखा गया गाना?

यह गाना कवि प्रदीप द्वारा लिखा गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि साल 1962 के दौरान भारत चीन से युद्ध हार गया था। सभी देशवासियों और सैनिकों का मनोबल कम हो रहा था। उसी वक्त गीतकार-कवि प्रदीप मुंबई में शाम को समुद्र किनारे टहल रहे थे। तभी उनके दिमाग में एक गाना आया, जिसे लिखने के लिए उनके पास कलम नहीं था और कागज भी नहीं था। तभी उन्होंने एक आदमी से उधार की कलम ली और अपने जेब से सिगरेट का डिब्बा निकाला। फिर उसके फॉयल पर गाना लिख दिया। वह गाना कोई और नहीं, बल्कि 'ऐ मेरे वतन के लोगों' रहा।

# बॉक्स ऑफिस पर होगा सीक्वल और फ्रैंचाइजी का बोलबाला, धाक जमाने आएंगी ये फिल्में...

*मुंबई। साल 2026 फिल्म फ्रैंचाइजी और लंबे समय से प्रतीक्षित सीक्वल के लिए सौगात बनकर आया है। आने वाले महीनों में कई फिल्में रिलीज होने के लिए तैयार हैं जो न सिर्फ अपनी पहली किस्त को आगे बढ़ाएंगी, बल्कि कुछ नए किरदारों का दर्शकों से सामना भी कराएंगी। इस सूची में अजय देवगन से लेकर शाहिद कपूर तक की बहुप्रतीक्षित सीक्वल फिल्में शामिल हैं। चलिए इन फिल्मों और इनकी रिलीज तारीख के बारे में जानते हैं।*

**'दृश्यम 3'**: अजय अपनी 2 अक्टूबर की परंपरा को कायम रखते हुए 'दृश्यम' फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी के साथ लौटेंगे। इसका पहला भाग 2015 में और दूसरा भाग 2022 में रिलीज किया गया था। अक्टूबर, 2026 में विजय सलगांवकर (अजय) अपने परिवार को पुलिस की नजरों से बचाने के लिए आ रहे हैं। उनके साथ तब्बू, श्रिया सरन और इशिता दत्त जैसे सितारे अपने किरदारों में वापसी करेंगे। इस भाग को परिवार के अस्तित्व की कहानी का अंत माना जा रहा है।



**'कॉकटेल 2' और 'खोसला का घोसला 2'**: शाहिद, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन अभिनीत 'कॉकटेल 2' 19 जून, 2026 को रिलीज होने वाली है, जिसका निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है। यह 2012 में रिलीज 'कॉकटेल' की दूसरी कड़ी है, जिसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी जैसे सितारे थे। 'खोसला का घोसला' की टोली भी दूसरी कड़ी लेकर लौट रही है। फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी के साथ पुराने सभी चेहरे फिर से दिखेंगे। यह फिल्म 28 अगस्त, 2026 को रिलीज होगी।

**'आवारापन 2' और 'धमाल 4'**: इमरान हाशमी अपनी सुपरहिट फिल्म 'आवारापन' के सीक्वल को लेकर खूब चर्चा बटोर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म होने की कगार पर है। इसमें अभिनेता के साथ दिशा पाटनी नजर आएंगी। नितिन कक्कड़ द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगस्त, 2026 में सिनेमाघरों में आ सकती है। इसके अलावा, 'धमाल' फ्रैंचाइजी की टोली भी इस साल जुलाई में लौटने को तैयार है। अजय, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी समेत अन्य सितारे इस फिल्म का फिर से हिस्सा हैं।

## बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया

# 'भूत बंगला' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर गाड़े झंडे


**मुंबई। अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी ने 14 साल बाद पर्दे पर वापसी करते हुए बॉक्स ऑफिस पर शानदार वापसी की है। फिल्म 'भूत बंगला' ने अपने पहले ही दिन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया है। फिल्म की इस शुरुआत ने इस साल रिलीज हुई कई फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। लंबे इंतजार के बाद अक्षय अपनी पसंदीदा शैली हॉरर-कॉमेडी में वापस लौटे हैं। आइए जानें उनकी इस फिल्म ने पहले दिन कितने करोड़ रुपये कमाए हैं।**

### पहले दिन फिल्म ने की इतनी कमाई

अक्षय की 'भूत बंगला' पहले दिन रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' या सनी देओल की 'बॉर्डर 2' को टक्कर नहीं दे पाई। हालांकि, इसने शाहिद कपूर की ओ'रोमियो से लेकर रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3', वीर दास की 'हैप्पी पटेल' और 'अस्सी' जैसी 2026 में रिलीज हुई अन्य फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म ने पहले दिन 15.75 करोड़ रुपये कमाए हैं।

### आसपास भी नहीं टिक पाईं ये फिल्में

अक्षय ने 'ओ'रोमियो' (9.01 करोड़) और श्रीराम राघवन की बहुचर्चित 'इक्कीस' (7.28 करोड़) जैसी फिल्मों को बड़े अंतर से पछाड़ दिया है। रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' भी भूत बंगले के सामने टिक नहीं पाई और महज 4 करोड़ पर सिमट गई। 'दो दीवाने शहर में', 'हैप्पी पटेल', 'अस्सी' और 'राहु केतु' जैसी फिल्में 1-1.25 करोड़ के बीच संघर्ष करती रहीं। अक्षय के 'भूतिया' जादू के आगे इन फिल्मों की चमक फीकी पड़ गई।



### एडवांस बुकिंग और पेड प्रीव्यू में भी 'भूत बंगला' का जलवा

'भूत बंगला' ने घरेलू एडवांस बुकिंग के जरिए ही 3.32 करोड़ का कारोबार कर लिया था, जिसने फिल्म की मजबूत ओपनिंग के संकेत दे दिए थे। फिल्म के लिए आयोजित किए गए पेड प्रीव्यू को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिससे फिल्म की झोली में 3.50 करोड़ और आ गिरे। यही कारण है कि फिल्म की पहले दिन की कुल कमाई बढ़िया नजर आ रहा है। फिल्म वीकेंड पर भी बड़े रिकॉर्ड बना सकती है।

### फिल्म में अक्षय ने जीते दिल

इस फिल्म में अक्षय के साथ वामिका गब्बी, तब्बू, परेश रावल और राजपाल यादव जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। दर्शकों के लिए भावुक पल तब आता है, जब वे पर्दे पर दिवंगत अभिनेता असरानी को देखते हैं। मिथिला पारकर और जीशु सेनगुप्ता भी अपने-अपने किरदार में जंचे हैं। हालांकि, इस फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी अक्षय कुमार की कॉमिक टाइमिंग और डबल रोल है। उनका गेटअप इतना अलग है कि दर्शक देखते रह जाते हैं।

# भगवान श्री परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई

( यंग भारत न्यूज )




**गुरसरांय( झांसी )**- नगर में भगवान श्री परशुराम सेवा समिति की ओर से भगवान श्री परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 'जय परशुराम' और 'विप्र एकता' के नारों के साथ इस उत्सव को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा गया ।इस यात्रा में 'जय परशुराम' के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा ।शोभायात्रा अयोध्या धाम के पूज्य महंत नृत्यगोपाल दास जी महाराज के कृपा पात्र महंत प्रेमनारायण दास उर्फ पागल बाबा जी महाराज के निर्देशन में संपन्न हुई। इसके अलावा उज्जैन महाकाल से महामंडलेश्वर राघवेंद्र दास जी महाराज,महाराष्ट्र नासिक से महामंडलेस्वर विष्णु दास जी महाराज,चकाडोरी धाम के महंत राकेश दास जी महाराज,नौ देवालय मन्दिर एरच के महंत उमेश दत्त गिरि जी महाराज ,चित्रकूट से महंत नारायण दास जी महाराज सम्मलित हुए ।शोभायात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व आरती के साथ हुआ। शोभायात्रा में सजी-धजी बग्घी पर भगवान श्री परशुराम का स्वरूप,भगवान श्री राम दरबार एवं नौ देवियों की आकर्षक जीवंत झांकियां जोकि शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे वह आकर्षण का केंद्र रहीं ।शोभायात्रा में सबसे आगे घोड़े,डी.जे,बग्घी इत्यादि शामिल रहे। शोभायात्रा का ए पी एस कैम्पस में शशिकांत पस्तोर, विनय पस्तोर, सुप्रिया पस्तोर द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।इसके अलावा क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल के पुत्र राहुल राजपूत, पाठक टेंट हाउस,श्री राम सेवा समिति के सतीश चौरसिया, रमेश मौर्या,पार्षद अजय मौर्या,कल्याण बाल विद्या मंदिर पर धर्मेंद्र सोनी बल्ले,अभय प्रताप सिंह छोटू अस्ता,थाने के शिवालय पर शोभायात्रा का टेंट लगाकर पुष्प वर्षा कर जलपान कराया गया। बैंड बाजों की धुनों पर श्रृद्धालु भक्ति भाव में भजन गाते हुए आगे बढ़ते रहे ।सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम जी का विधि विधान से भव्य पूजन अभिषेक आचार्य ब्रजेन्द्र शुक्ला,अनिल मिश्रा,नमन गौतम ने विधि-विधान संपन्न कराया एवं श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्री हरि सेवक श्री सुंदरकांड समिति के सौरभ द्विवेदी,रानू तिवारी छिरौरा,प्रमोद गोस्वामी,शिवम झा ,सुशील स्वामी ,नारायणदास कुचवार,द्वारा संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवेश पालीवाल,बृजकिशोर व्यास,विनोद व्यास,अखिलेश पिपरैया,रामनारायण पस्तोर,प्रदीप कोठारी,अशोक मिश्रा,मुन्नालाल दोदेरिया,डॉ ओम अरजरिया,डा.एल आर मिश्रा,रामप्रकाश अरजरिया,बद्रीप्रसाद त्रिपाठी,राजेश दोदेरिया,पुस्पेंद्र पटेरिया लेखपाल,हरिमोहन तिवारी,मनोहर नेवालकर,प्रदुम्न खानवलकर,सचिन व्यास,अंकित विदुआ,वरुणकांत त्रिपाठी,अनिल मिश्रा जखोरा,महेश पाठक,लोकेंद्र शर्मा,संदीप कोठारी,विनय पस्तोर,अभिषेक वशिष्ठ,मधुसुदन विदुआ,धनप्रकाश तिवारी,विकास तिवारी,कुंजबिहारी अरजरिया अध्यापक,कुलदीप कोदवलकर,पुस्पेंद्र अरजरिया मौजूद रहे। मंच पर संतो का सम्मान अनुज द्विवेदी,सार्थक नायक,रमेश पटेरिया,जे.जे.मिश्रा,अश्वनी पस्तोर,हेमंत विदुआ,ऋषभ वशिष्ठ,भुवनेंद्र अरजरिया,मनोज शर्मा,स्वदेश पाठक,मोनू मिश्रा, रामजी मोनस,रूपेश तिवारी,अशोक पटेरिया,योगेश व्यास,गुल्लन महाराज,सरजूशरण पाठक,अरुण चतुर्वेदी,अखिलेश तिवारी,बंटी विदुआ,बृजेन्द्र शर्मा,अनिल मिश्रा पुजारी,राज द्विवेदी,शुभम पचौरी ने किया। शोभायात्रा नगर के कटरा बाजार,बजरिया,तालाब माता मन्दिर से थाने की पुलिया से मोदी चौराहा से भ्रमण करती हुई गुरुदेव वाटिका पर एक गोष्ठी में परिवर्तित हुई जहाँ गोष्ठी में संतों के आशीष वचन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।आयोजन में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम न्याय, वीरता और तपस्या के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज और राष्ट्र की उन्नति संभव है।

उन्होंने कहा भगवान परशुराम सभी के पूज्य हैं,उन्होंने अन्याय को समाप्त किया ।साथ ही शस्त्र विद्या के साथ शिक्षा दी कि कोई अत्याचार करता है तो शास्त्र को भी धारण कर लेना चाहिए। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा,भक्ति और सांस्कृतिक एकता की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली ।कार्यक्रम की संवेदनशीलता और भव्यता को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल पूरी यात्रा के दौरान मुस्तैद रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। शोभायात्रा के समापन पर विशाल आरती की गई और विशाल भंडारा आयोजित किया गया ।प्रशासन की ओर से थानाध्यक्ष गुरसरांय द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था रही। कार्यक्रम में ज्योतिष रत्न पं बसंत शावरीकर झांसी की गीता पुस्तक की रचना के लिए संतों द्वारा उनका सम्मान किया गया। संचालन पं बद्री प्रसाद त्रिपाठी ने किया ।अंत मे शोभायात्रा के संयोजक मेजर अखिलेश पिपरैया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चेयरमैन जयपाल सिंह राजू चौहान, संगीतगुरु पं परशुराम पाठकपं सरजु शरण पाठक,सुकदेव व्यास, अरुण चतुर्वेदी, अखिलेश तिवारी,सार्थक नायक,सोम मिश्रा,भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रीति शर्मा द्विवेदी, विधायक पुत्र राहुल राजपूत,गरौठा चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश मिश्रा एडवोकेट, प्रसिद्ध नारायण यादव,अभय त्रिपाठी एडवोकेट, मुन्नालाल दोन्दे रिया,चंद्र प्रकाश चौरसिया, प्रकाश चंद्र जैन,सुनील तिवारी गरौठा, पुष्पेंद्र करौलया,राजा जी चौहान,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल,महेश चंद्र विदुआ, सुरेन्द्र देवलिया,कौशलेश मिश्रा,शैलेन्द्र शर्मा,नितुल व्यास,अबधेश फौजी,प्रांजल तिवारी, अरविंद दुवे सुट्टा,अशोक शास्त्री खर्वांच,अरविंद शास्त्री परसुवा,ओमप्रकाश पिपरैया, अनिल पंडा,भोले पटसारिया,सत्यप्रकाश तिवारी सिया,पवन स्वामी,अखिलेश तिवारी छिरोरा,प्रमोद स्वामी,बृजेन्द्र शर्मा,विनोद स्वामी,राजेन्द्र शर्मा,राजीव अरजरिया, डॉ ओमप्रकाश अरजरिया गरौठा, द्रगचंद्र तिवारी, नरेंद्र रावत,मुन्नालाल उपाध्याय, अनिल शर्मा,प्रहलाद तिवारी,पुष्पेंद्र पटेल,अबधेश द्विवेदी सिमरधा,राजू पाठक आमली,अरुण नायक, सुशील स्वामी,अशोक तिवारी,भूपेंद्र पस्तोर, पुष्पेंद्र पस्तोर, महेश पाठक सेमरा,अमन गोस्वामी,राजा केशवेंद्र सिंह चौहान, संतराम तिवारी,अनुराग कृष्ण पाठक, भगवत नगरिया, ओ पी शर्मा,ठाकुरदास तिवारी,राम बाबू शर्मा,महेश्वरी शरण द्वितीय, रास बिहारी तिवारी,सौरभ सौनकिया,हरी मिश्रा,राजेन्द्र पालीवाल, रविन्द्र स्वामी,सुरेन्द्र पिपरैया, रितेंद्र स्वामी,नितिन स्वामी ,साकेत मिश्रा,अशोक पटेरिया सहित हजारों विप्र समाज के एवं सर्व समाज के क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## जेडीयू कार्यालय में मनाया गया भव्य भगवान परशुराम जन्मोत्सव

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा।** जनतादल यूनाइटेड (जेडीयू) कार्यालय, बांदा में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व शालिनी सिंह ने किया और जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य नागरिक उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन, उनके त्याग, तपस्या, शौर्य और न्यायप्रियता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं बल्कि अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, धर्म की स्थापना और समाज में संतुलन के महान प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पिंकी प्रजापति, ज्योति मौर्या, वरिष्ठ पत्रकार रजनी द्विवेदी, दिलीप द्विवेदी, भुवनेश्वर प्रसाद तिवारी तथा अंगराज त्रिवेदी सहित अनेक प्रमुख पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में समरसता, शिक्षा के प्रसार, संगठन की मजबूती और आपसी एकता पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार एवं बांदा प्रेस ट्रस्ट (बीपीटी) के संस्थापक अनिल तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें सत्य, साहस, अनुशासन और न्याय के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है तथा वर्तमान समय में समाज को जागरूक, संगठित और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की अत्यंत आवश्यकता है। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने तथा समाज और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया, साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में जेडीयू कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और समर्पण की सराहना की गई।

## भगवान परशुराम का जीवन हमें सत्य शौर्य और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है :अरविंद वशिष्ठ

( यंग भारत न्यूज )




**झांसी।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर श्री परशुराम भगवान का जन्मोत्सव आज झांसी स्टेशन पर रनिंग कर्मचारियों द्वारा महोत्सव के रूप में मनाया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंडित अरविंद वशिष्ठ सदस्य इंडो जर्मन टूर रूम सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम मध्यम मंत्रालय,भारत सरकार ने भगवान परशुराम का आरती पूजन कर शुभारंभ किया एवं समस्त रेल कर्मचारियों एवं जगत कल्याण हेतु प्रार्थना की गई।

मुख्य अतिथि अरविंद बशिष्ठ ने कहा कि भगवान परशुराम धर्म, साहस और न्याय के प्रतीक हैं, जिन्होंने अधर्म के विरुद्ध सदैव डटकर संघर्ष किया ।उनका जीवन हमें सत्य, शौर्य और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। उक्त अवसर पर समस्त रनिंग कर्मचारियों हेतु शरबत एवं पूरी सब्जी फल प्रसाद आदि का वितरण किया गया। जिसमें सभी रनिंग साथियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें प्रमुख रूप से राहुल पचौरी , विवेक तिवारी, अनमोल दुबे, के एस शुक्ला, गब्बर दीक्षित, संजीव गौतम,दीपक श्रीधर,अमित नायक,नीरज मुदगिल, राहुल पाल्या, ज्योतिर्मय तिवारी,रामदत्त तिवारी, शंकर बाजपेई,अंकुर भारद्वाज,राजदीप पाठक,रोहित तिवारी ,अविंद्र द्विवेदी,मनीष पचौरी, दिनेश तिवारी, गौरव शर्मा, अभिषेक दीक्षित, आशीष वाजपेयी, शिवम नायक आदि विप्रबंधु उपस्थित रहे।

## रायकवार समाज मेहनत, परंपरा और स्वाभिमान का प्रतीक हैः अरविंद वशिष्ठ

( यंग भारत न्यूज )




**झांसी।** रायकवार समाज जिला झाँसी की एक बैठक आयोजित की गयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविंद वशिष्ठ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के जिलाध्यक्ष पंकज रायकवार ने की।

मुख्य अतिथि अरविंद वशिष्ठ ने कहा कि रायकवार समाज मेहनत, परंपरा और स्वाभिमान का प्रतीक है ।यह समाज सदियों से जल, प्रकृति और जीविका से जुड़कर देश को महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। जिलाध्यक्ष पंकज रायकवार ने अपने अध्यक्ष ही भाषण में कहा कि आज कश्यप समाज शिक्षा ,जागरूकता और एकता के बल पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमें इस समाज की प्रगति, सम्मान और अधिकारों के लिए मिलकर आवाज उठानी चाहिए। गोष्ठी उपरांत जिलाध्यक्ष पंकज रायकवार ने समाज के प्रति कर्त्तव्य निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए झाँसी महानगर के युवा साथी मनीष रायकवार पुत्र श्री पंचम रायकवार निवासी अलीगोल खिडकी क़ो झाँसी महानगर का उपाध्यक्ष बनाय मनोनीत किया। सभा में सर्वश्री संतोष रायकवार उन्नाव गेट , अरुण रायकवार, विजय रायकवार, शंकर रायकवार, आदि उपस्थिति रहे । गोष्ठी का संचालन शशांक रायकवार एवं आभार अरुण रायकवार एवं विजय रायकवार ने व्यक्त किया।

## भगवान कुंजबिहारी जू के चरण दर्शन आज

( यंग भारत न्यूज )





**झाँसी।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सोमवार 20 अप्रैल 2026 को कुंजबिहारी मंदिर में विराजमान श्री कुंजबिहारी सरकार के चरण दर्शन होंगे। यह जानकारी बुन्देलखण्ड धर्माचार्य महंत राधामोहन दास महाराज ने दी।

उक्त जानकारी देते हुए महंत राधामोहन दास ने बताया कि वर्ष में एक ही बार अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान कुंजबिहारी जू के चरण दर्शन होते हैं जो प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक एवं सायंकाल 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक होंगे। आपने बताया कि प्रात: 9 से 11 बजे तक एवं सायंकाल 6 से 10 बजे तक समाज गायन होगा। इस मौके पर आकर्षक फूल बंगला भी सजाया जायेगा। उन्होंने सभी धर्मप्रेमियों से भगवान के चरण दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## जीआईसी ओबीएफ की कार्यकारिणी ने सीए जयंत मणि जैन का किया सम्मान



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज पुरातन छात्र संगठन, राजकीय इंटर कालेज, झांसी कार्यकारिणी की सभा अध्यक्ष डा0 प्रदीप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई।

जिसमें विद्यालय में संगीत कक्षाएं, एआई क्लासेज, कम्प्यूटर क्लासेज, संगीत कक्षाएं, विभिन्न भाषाओं की कक्षाएं, इंग्लिश स्पीकिंग आदि कोर्स प्रारंभ करने पर विचार किया गया।

इस वर्ष संस्था के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में स्मारिका एवं विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में चर्चा की गई। संस्था के पूर्व अध्यक्ष सीए जयंत मणि जैन का इंस्टीट्यूट आफ चार्टर एकाउंटेंट आफ इंडिया, झांसी शाखा का अध्यक्ष चुने जाने पर अंगवस्त्र, माला एवं सम्मान पत्र प्रदान करके सम्मान किया गया। सभा को सफल बनाने में डा0 प्रदीप श्रीवास्तव, विवेक अग्रवाल, वेदप्रकाश अग्रवाल, संदीप द्विवेदी, अनिल श्रीवास्तव एड0, जी0 पी0 निगम, सतीश लिखधारी, जयंत मणि जैन, मानस अग्रवाल, राकेश पाठक, पवन नैय्यर, सुनील सोनी, पंकज मल्होत्रा, आशीष दुबे, विजय अग्रवाल, डा0 प्रतीक अग्रवाल, महेंद्र सेन, दीपक वार्ष्णेय आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव विवेक अग्रवाल ने किया एवं आभार उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव एड0 ने व्यक्त किया।

## झांसी में सीए विद्यार्थियों के लिए रोमांचक बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट, Ledger Legends' बनी विजेता

( यंग भारत न्यूज )




**झांसी।** झांसी द्वारा सीए विद्यार्थियों के लिए एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 6 टीमों ने भाग लिया, जिन्हें दो समूहों में विभाजित कर लीग एवं नॉकआउट प्रारूप में मैच आयोजित किए गए। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, टीमवर्क एवं अनुकरणीय खेल भावना का प्रदर्शन किया।

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें लेजर लीजेंड्स टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि फाइनेंशियल फिनिशर्स टीम उपविजेता रही। सभी मुकाबले दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे और अंतिम क्षण तक उत्सुकता बनी रही। व्यक्तिगत प्रदर्शन में वेद सराओगी को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, अभि गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज तथा प्रतीक सैनी को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन में CICASA के सक्रिय एवं ऊर्जावान विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके समन्वित प्रयासों से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान झांसी शाखा के गणमान्य सदस्य सीए जयंत मणि जैन, सीए गौरव अग्रवाल, सीए निमेष खन्ना, सीए प्रदीप विश्वरी एवं सीए उज्ज्वल मोदी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर CICASA झांसी की चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक गतिविधियां एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 3 मई से प्रारंभ होने वाली सीए परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए यह पहल विद्यार्थियों को पढ़ाई के बीच एक सकारात्मक विराम प्रदान करने हेतु की गई, जिससे वे नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ अपनी तैयारी कर सकें। यह आयोजन न केवल एक खेल प्रतियोगिता रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए आपसी समन्वय, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का एक सराहनीय मंच सिद्ध हुआ। CICASA झांसी द्वारा भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक एवं छात्र-केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## बसपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में आज पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बी डी फुले ने कचहरी चौराहे पर स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब जी की प्रतिमा पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण किया। इस मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कहा 2027 में सर्व समाज में भाईचारा बनाकर उत्तर प्रदेश में बहन जी के नेतृत्व में 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनानी है। वर्तमान हालात को देखकर सर्व समाज बहुजन समाज पार्टी की ओर आशा भरी निगाहें से देख रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसान व्यापारी मजदूर बेरोजगार आम आदमी भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों से परेशान है। अगर जनहित में कार्य करना है। और सर्व समाज को अगर कोई राहत दे सकता है। तो सिर्फ बहुजन समाज पार्टी। इस मौके पर पूर्व बुंदेलखंड प्रभारी कैलाश पाल, मंडल प्रभारी अनीश रायन, बीके गौतम , पूर्व जिला अध्यक्ष जयपाल सिंह अहिरवार ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष ठाकुर विपिन सिंह, भाईचारा संयोजक अमित वर्मा ,पूर्व जिला अध्यक्ष मदन लाल अहिरवार, पूर्व महानगर अध्यक्ष नफीस शानू भाई, पूर्व जिला प्रभारी कोरी विजय कंचन , एडवोकेट राकेश कुशवाहा (बरुआ) पूर्व जिला अध्यक्ष मुन्ना पाली ,चंद्र दत्त गौतम , पूर्व बामसेफ संयोजक डॉक्टर प्रवीण शशि, सुधीर आर्य, विवेक वर्मा, संतोष वर्मा बेग बाले, झांसी विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र अहिरवार, चंद्रशेखर पवया, रिंकू अहिरवार ,मेवालाल चौधरी, धन प्रसाद अहिरवार, विधानसभा उपाध्यक्ष आरिफ मंसूरी, नीरज गुप्ता, महेंद्र चौधरी, सुरेंद्र श्रीवास, उत्कर्ष साहू, आनंद साहूशंकर बाल्मिक, हरगोविंद अहिरवार, स्वामी चरण , राहुल फुले,तेजराम आर्य, निक्की श्रीवास, राजेश राव, विशाल अहिरवार, विवेक अहिरवार, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718